रविवार, 5 अक्टूबर 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 30 |
| आर्द्रता | 92% |
| सूर्योदयः 5:29 | सूर्यास्तः 17:20 |




रोहित को हटाकर गिल को आस्ट्रेलिया दौरे के लिये वनडे टीम का कप्तान बनाया पृष्ठ 8

स्थानीय खाबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : तुम अनुभव का निर्माण नहीं कर सकते। तुम्हें अनुभव को भोगना ही पड़ेगा।

## मोदी ने युवाओं के लिए 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की पहल का अनावरण किया

### बिहार पर विशेष ध्यान

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार पर विशेष जोर देते हुए 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का शनिवार को अनावरण किया। मोदी ने 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार योग्यता परिवर्तन उन्नत आईटीआई के जरिये) की शुरुआत की। इस योजना में 1,000 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को 'हब-एंड-स्पोक' मॉडल में उन्नत करने की परिकल्पना की गई है जिसमें 200 'हब' आईटीआई और 800 'स्पोक' आईटीआई शामिल हैं। 'हब एंड स्पोक' मॉडल एक वितरण प्रणाली



है जो साइकिल के पहिये की तरह काम करती है जिसमें एक 'हब' (केंद्र) होता है जो सभी 'स्पोक' (छोटे, सहायक स्थानों) को आपस में जोड़ता है। प्रत्येक 'हब' औसतन चार 'स्पोक' से जुड़ा होगा जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक उद्यमों, डिजिटल शिक्षण प्रणालियों और इनक्यूबेशन सुविधाओं से सुसज्जित संकुलों का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा, ''सामूहिक रूप से पीएम-सेतु भारत के आईटीआई पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से परिभाषित करेगा, इसे सरकारी स्वामित्व वाला लेकिन उद्योग-प्रबंधित बनाएगा और इसमें विश्व बैंक एवं एशियाई विकास बैंक से वैश्विक सह-वित्तपोषण सहायता भी मिलेगी।'' बयान के मुताबिक योजना के कार्यान्वयन के पहले चरण में बिहार के पटना और दरभंगा में आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि कार्यक्रम का विशेष बल बिहार में परिवर्तनकारी परियोजनाओं पर होगा जो राज्य की समृद्ध विरासत और युवा जनसांख्यिकी को प्रतिबिंबित करेगा। मोदी ने बिहार की संशोधित 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' की भी शुरुआत की जिसके तहत हर साल लगभग पांच लाख स्नातकों को दो साल तक 1,000-1,000 रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। उन्होंने नए सिरे से तैयार की गई 'बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड' योजना की भी शुरुआत की जिसके तहत चार लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत 3.92 लाख से अधिक छात्र पहले ही 7,880 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्राप्त कर चुके हैं।

### जानलेवा सिरप: चार राज्यों में बैन, गुजरात में जांच जारी

**नयी दिल्ली :** मध्यप्रदेश और राजस्थान में कथित तौर पर खांसी की दवाओं से 14 बच्चों की मौत के बाद केंद्र और राज्यों की सरकारें सक्रिय हो गई हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में उन फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है जहां से संदिग्ध दवाएं बनी थीं। बता दें कि मामले में सीडीएससीओ ने 19 दवाओं के सैंपल इकट्ठे किए हैं, जिनमें खांसी की सिरप, एंटीबायोटिक और बुखार की दवाएं शामिल हैं। मामले की शुरुआती जांच में छह दवाओं में डाइएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकोल (ईजी) नहीं पाए गए, जो बच्चों की किडनी फेलियर का कारण बन सकते हैं। लेकिन कोल्डरिफ सिरप के सैंपल में डीईजी की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई। यह सिरप तमिलनाडु के कांचीपुरम में बनी थी। तमिलनाडु और मध्यप्रदेश सरकार ने इस सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है और बाजार से इसे हटाने के आदेश दिए हैं।

## डीवीसी की ओर से पानी छोड़े जाने को लेकर ममता के दावों को केंद्रीय मंत्री ने नकारा

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के दो जलाशयों से पानी छोड़े जाने के संबंध में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल के दावे का खंडन किया और आरोप लगाया कि त्योहारों के मौसम में राज्य को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार जानबूझकर साजिश रच रही है। पाटिल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति (डीवीआरआरसी) को मैथन और पंचेत जलाशयों से पानी छोड़ने के संबंध में डीवीसी को मार्गदर्शन देने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि डीवीआरआरसी सचिवालय ने पानी छोड़ने से पहले राज्य के सिंचाई एवं जलमार्ग निदेशालय से राय मांगी गई थी, लेकिन राज्य सरकार से कोई जवाब नहीं मिला। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि डीवीआरआरसी सचिवालय द्वारा दी गई तथ्यात्मक जानकारी के अनुसार कुल मिलाकर 70,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है – मैथन बांध से 42,500 और पंचेत बांध से 27,500 क्यूसेक – न कि 1,50,000 क्यूसेक, जैसा कि मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया था। पाटिल ने दोहराया कि डीवीआरआरसी ने पानी छोड़ने से पहले निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया था। उन्होंने कहा कि पानी छोड़ने से पहले, डीवीआरआरसी सचिवालय ने राज्य सरकार के सिंचाई एवं जलमार्ग निदेशालय से विचार और टिप्पणियां मांगी थीं। लेकिन कोई टिप्पणी या जानकारी नहीं मिली। सचिवालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, निचले दामोदर क्षेत्र में कोई भीड़भाड़ नहीं थी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गत शुक्रवार को डीवीसी पर 'लापरवाही से और बिना किसी पूर्व सूचना के' पानी छोड़ने का आरोप लगाया और इसकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा करने की 'जानबूझकर की गई चाल' बताया।

## यूपीएससी का फैसला: प्रारंभिक परीक्षा के तुरंत बाद जारी होगी उत्तर कुंजी, आपत्ति दर्ज करने का भी मिलेगा मौका

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि उसने प्रारंभिक परीक्षा आयोजित होने के बाद अंतरिम उत्तर कुंजी प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। आयोग प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करता है। पिछले महीने उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक हलफनामे में आयोग ने कहा कि अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित की जाएगी। यह हलफनामा सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित एक लंबित याचिका पर दाखिल किया गया था। यूपीएससी ने कहा कि मामले के लंबित रहने के दौरान उसने अदालत द्वारा नियुक्त न्यायमित्र के सुझाव समेत विभिन्न कारकों पर विचार-विमर्श किया है। अधिवक्ता वर्धमान कौशिक के माध्यम से दाखिल किये गये हलफनामे में कहा गया है,''व्यापक विचार-विमर्श और एक संवैधानिक निकाय के रूप में यूपीएससी को सौंपी गई पवित्र भूमिका को ध्यान में रखते हुए, आयोग सुविचारित निर्णय पर पहुंचा है कि प्रारंभिक परीक्षा आयोजित होने के बाद अंतरिम उत्तर कुंजी प्रकाशित किया जाए।'' हलफनामे में कहा गया है कि परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों से अभ्यावेदन या आपत्तियां मांगी जायेंगी।

### बिहार के राजनीतिक दलों ने आयोग से कहा

## छठ के तुरंत बाद कम से कम चरणों में विधानसभा चुनाव कराएं

**नयी दिल्ली/पटना :** बिहार में राजनीतिक दलों ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह छठ पर्व के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव कराये, ताकि मतदाताओं की भागीदारी बढ़े और यह चुनाव यथासंभव कम चरण में कराये जाए। यह जानकारी निर्वाचन आयोग ने दी। बिहार में दिवाली के बाद मनाए जाने वाले छठ पर्व का बहुत महत्व है। यह पर्व इस साल 25 से 28 अक्टूबर के बीच मनाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त एस एस संधू एवं विवेक जोशी के साथ बातचीत में छह राष्ट्रीय और इतनी ही राज्य स्तरीय पार्टियों के प्रतिनिधियों ने कम से कम चरण में चुनाव कराने पर भी जोर दिया। निर्वाचन आयोग के अधिकारी बिहार में चुनाव से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने के लिए दो दिन के लिए पटना में हैं। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर




को समाप्त हो रहा है। पहले चरण का चुनाव छठ के तुरंत बाद अक्टूबर के अंत में होने की संभावना है। दिवाली और छठ के दौरान, बिहार से बाहर नौकरी करने वाले अधिकतर लोग त्योहार मनाने के लिए घर लौटते हैं और ऐसा माना जाता है कि मतदाताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव कराने का यह सबसे अच्छा समय है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा, ''चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी को अधिकतम करने के लिए, राजनीतिक दलों ने सुझाव दिया कि चुनाव छठ त्योहार के तुरंत बाद कराये जाएं और चुनाव यथासंभव कम चरणों में पूरे कराये जाएं।'' निर्वाचन आयोग ने कहा कि पार्टियों ने ''ऐतिहासिक'' विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने और मतदाता सूचियों को शुद्ध करने के लिए धन्यवाद दिया और चुनावी प्रक्रियाओं में अपनी आस्था और विश्वास दोहराया।

## आज रेड रोड पर दुर्गा पूजा कार्निवाल, सुरक्षा चुस्त-दुरुस्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता के रेड रोड पर आज दुर्गा पूजा कार्निवाल होगा। यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा देश विदेश की हस्तियां भी मौजूद होंगी। विसर्जन से पहले चुनी गए दुर्गा प्रतिमाओं का सालाना कार्निवाल निकलेगा। इस साल कार्निवल में पूरे कोलकाता से 113 प्रतिमाएं शामिल होंगी। कार्निवल कोलकाता के प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी सराणी मार्ग पर आयोजित होगा। कोलकाता पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार को रेड रोड पर भारी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। बताया जा रहा है कि इस पूजा उत्सव में 106 पूजा कमेटियां हिस्सा लेंगी। इसी वजह से खिदिरपुर रोड से रेड रोड तक का रास्ता आज बंद रहेगा। कार्निवल के दौरान, प्रत्येक दुर्गा प्रतिमा के साथ एक पुलिस अधिकारी तैनात रहेगा। प्रत्येक प्रतिमा के बीच कुछ दूरी बनाए रखी जाएगी। इस दिन, सुबह से ही कोलकाता पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। विदेशी मेहमानों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

## अमेरिका में अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी कर हैदराबाद के छात्र की हत्या की

**हैदराबाद :** अमेरिका में अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी कर हैदराबाद के रहने वाले एक भारतीय छात्र की हत्या कर दी। उसके परिजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।



अमेरिका में अज्ञात हमलावरों ने एक गैस स्टेशन पर गोलीबारी की थी। परिजन ने बताया कि पोल चंद्रशेखर की शुक्रवार रात को डलास (अमेरिका) में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। परिजन ने सरकार से उसके शव को स्वदेश पहुंचाने में मदद करने का आग्रह किया। चंद्रशेखर के भाई दामोदर ने पत्रकारों को बताया कि हैदराबाद से बीडीएस की पढ़ाई पूरी करने करने के बाद वह (पीड़ित) दो साल पहले एमएस की पढ़ाई के लिए अमेरिका गए थे और उन्होंने छह महीने पहले ही अपनी डिग्री पूरी की थी तथा वह नौकरी तलाश रहे थे। फिलहाल चंद्रशेखर गैस स्टेशन पर अंशकालिक तौर पर काम कर रहे थे। छात्र की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। पीड़ित के परिजन को सहायता का आश्वासन देते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार शव को वापस लाने के लिए हरसंभव सहयोग करेगी। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक टी. हरीश राव ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने और पार्टी के अन्य नेताओं ने यहां शोकसंतप्त परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की।

## जुबिन गर्ग को सिंगापुर में जहर दिया गया था: गिरफ्तार आरोपी

### मामले की जांच करेगा न्यायिक आयोग

**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग के बैंड के सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि गर्ग को सिंगापुर में जहर दिया गया था, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के पास मौजूद आधिकारिक दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई है। 'पीटीआई' को मिले 'डिटेल्ड ग्राउंड्स ऑफ अरेस्ट' या रिमांड



नोट के अनुसार गोस्वामी ने आरोप लगाया कि गर्ग को सिंगापुर में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और नॉर्थईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत ने जहर दिया था। इस मामले में फेस्टिवल के आयोजक, गर्ग के प्रबंधक और बैंड के दो सदस्यों गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार कर 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। गर्ग की सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। वह श्यामकानु महंत और उनकी कंपनी की ओर से आयोजित महोत्सव के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। नोट में कहा गया है, जब जुबिन गर्ग सांस लेने के लिए हांफ रहे थे और लगभग डूबने की स्थिति में थे, उस समय सिद्धार्थ शर्मा को 'जाबो दे, जाबो दे' (जाने दो, जाने दो) चिल्लाते हुए सुना गया। गवाह ने कहा है कि जुबिन गर्ग एक कुशल तैराक थे... और इसलिए डूबने से उनकी मृत्यु नहीं हो सकती। नोट पर एसआईटी की सदस्य और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोजी कालिता के हस्ताक्षर हैं। नोट में कहा गया है, उन्होंने (गोस्वामी) आरोप लगाया कि शर्मा और श्यामकानु महंत ने पीड़ित को जहर दिया था और अपनी साजिश छिपाने के लिए जानबूझकर विदेश में जगह चुनी थी। शर्मा ने उन्हें नौका के वीडियो किसी के साथ साझा न करने का भी निर्देश दिया था।

## बच्चों के आधार बायोमेट्रिक अद्यतन का शुल्क एक साल के लिए माफ किया गया

**नयी दिल्ली :** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने बच्चों के लिए आधार के अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन के सभी शुल्क माफ कर दिए हैं। शनिवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। यह शुल्क माफी एक अक्टूबर से प्रभावी हो चुकी है तथा एक वर्ष तक लागू रहेगी। बयान में कहा गया है, ''जनहित में एक कदम उठाते हुए, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन (एमबीयू-1) के लिए सभी शुल्क माफ कर दिए हैं। इस कदम से लगभग छह करोड़ बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है।'' पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे का फोटो, नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता और जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर आधार के लिए नामांकन किया जाता है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे के आधार नामांकन के लिए उसके 'फिंगरप्रिंट' और 'आईरिस' बायोमेट्रिक्स नहीं लिए जाते, क्योंकि उस आयु तक ये परिपक्व नहीं होते। मौजूदा नियमों के अनुसार, पांच वर्ष की आयु हो जाने के बाद बच्चों के आधार में अंगुलियों के निशान, आंखों की पुतलियों और फोटो को अनिवार्य रूप से अद्यतन करना आवश्यक है तथा दूसरा अद्यतन 15-17 वर्ष की आयु के बीच किया जाना आवश्यक है।

## डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए गैर-फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए टोल संग्रह का नया नियम

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा में वैध और चालू फास्टैग के बिना प्रवेश करने वाले वाहनों से 15 नवंबर से सामान्य टोल राशि के मुकाबले 1.25 गुना शुल्क लिया जाएगा, लेकिन इसके लिए यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने का विकल्प चुनना होगा। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि नकद लेनदेन को कम करने के लिए ऐसा किया गया है। इस समय वैध फास्टैग के बिना यात्रा करने वालों को नकद भुगतान पर दोगुना टोल शुल्क देना पड़ता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और गैर-फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए नकद लेनदेन को समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008 में संशोधन किया है। मंत्रालय ने कहा, ''नए नियम के तहत वैध और चालू फास्टैग के बिना शुल्क प्लाजा में प्रवेश करने वाले वाहनों से नकद भुगतान करने पर टोल राशि का दोगुना शुल्क लिया जाएगा।''







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 अक्टूबर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 14:59 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 07:51 तक, योग : गांदा, 16:26 तक, सूर्योदय: 5:29, सूर्यास्त: 17:20, चन्द्रोदय : 16:06, चन्द्रास्त: 03:19, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 15:48 से 17:16

## साप्ताहिक : राशिफल
## 05-10-25 से 11-10-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को खुशियां मिलेंगी, लेकिन गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को बेवजह लड़ाई से बचना होगा। आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। इस सप्ताह आपके पास धन की कोई कमी नहीं रहेगी, लेकिन आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ेंगे, जो आपको परेशान करेंगे। इस सप्ताह आप नए घर या मकान आदि को खरीदने की प्लानिंग करेंगे। बिजनेसमैन को इस हफ्ते बिना सोचे-समझे कोई काम ना करें। वैसे मेहनत का फल मिलने की संभावना है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** नया सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह खुश रहेंगे, लेकिन दोनों के बीच कुछ कंफ्यूजन भी रह सकता है। वैवाहिक जीवन की सारी दिक्कतें दूर होंगी। दोनों लोग एक-दूसरे का पूरा साथ देंगे। धन को लेकर आप सोच विचार कर चले तो बेहतर रहेगा। ज्यादा शो-बाजी के चक्कर में ना पड़ें। आप इस सप्ताह निवेश को लेकर प्लानिंग करेंगे तो आपको लाभ होगा। पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। करियर को लेकर आपको मेहनत अधिक करनी होगी, लेकिन मेहनत का फल भी मिलेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह नया सप्ताह आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेमी लोगों को इस सप्ताह अपने रिश्ते में थोड़ा सोच विचार कर चलना होगा। वैवाहिक जीवन में समस्याएं आएंगी। इस सप्ताह आपको बेवजह तनाव से दूर रहना चाहिए। धन को लेकर इस सप्ताह आप किसी पर भरोसा ना करें और अपने बेवजह के खर्चों में कटौती करें। किसी से कोई वादा किया हो तो इस सप्ताह पूरा करेंगे। करियर में इस सप्ताह आपकी योजनाएं पूरी होंगी। आपका बिजनेस पहले से अच्छा रहेगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने काम में व्यस्त रहेंगे। इससे आपका साथी परेशान होगा। वैवाहिक जीवन में चल रही अनबन दूर होगी, लेकिन अपने रिश्ते को संभाल कर चलने की कोशिश करें। इस सप्ताह अपने धन को कुछ धार्मिक कामों में भी खर्च करेंगे। कुछ यात्राओं पर भी जाने की प्लानिंग करेंगे, लेकिन आपको इस सप्ताह सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी सरकारी योजना में भी धन लगाना बेहतर रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए टेंशन भरी रहेगी। प्रेम जीवन में भी तनाव रहेगा। आपको कुछ कंफ्यूजन भी झेलनी पड़ सकती है। इस सप्ताह लोगों को आपके साथ की आवश्यकता है और आप उसे पर पूरा ध्यान भी देंगे। आपको इधर-उधर के कामों को करने से बचना होगा। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह कुछ समस्याएं तो रहेंगी, लेकिन फिर भी आपका साथी साथ देगा। धन के मामले में यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आप किसी प्रॉपर्टी में लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करेंगे तो अच्छा रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ कंफ्यूजन भर रहेगा। इस सप्ताह गृहस्थ जीवन में चल रहीं समस्याओं और अपने साथी से परेशानी हो सकती है। इसलिए थोड़ा सतर्क रहना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने किसी पुराने पार्टनर से मिलकर प्रसन्नता होगी। धन को लेकर आप इस सप्ताह किसी वाद विवाद में भी पड़ सकते हैं। आपका डूबा हुआ धन इस सप्ताह मिलने की संभावना है, लेकिन रियल एस्टेट आदि में निवेश करने में थोड़ी सावधानी बरतनी होगी।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में किसी बाहरी व्यक्ति के चलते लड़ाई झगड़ा हो सकते हैं। बचकर रहें। इस सप्ताह लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। प्रेम जीवन में इस सप्ताह आप खुशी भरे फलों का आनंद लेंगे। इस सप्ताह आपको धन को लेकर सचेत रहने की आवश्यकता है। बिना सोचे-समझे कहीं भी निवेश ना करें और अपने धन के खर्चों पर भी थोड़ा कंट्रोल करें। अपने इनकम के सोर्स को बढ़ाने का भी सोचें।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह एक-दूसरे से अपने मन की बात कहेंगे। वहीं, जो लोग सिंगल हैं उनको नया साथी मिल सकता है, लेकिन शादीशुदा लोगों के जीवन में कुछ समस्याएं आएंगी। सावधान रहें। आपको इस सप्ताह थोड़ा सतर्क रहना होगा। इस सप्ताह आप अपनी सुख सुविधाओं पर खर्च करेंगे लेकिन अपनी सेविंग पर भी पूरा ध्यान दें। करियर को लेकर आपको इस सप्ताह ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में इस सप्ताह खुशियां आएंगी। वैवाहिक जीवन की बात करें तो लड़ाई झगड़े की नौबत आ सकती है। संभलकर बातचीत करें। धन को लेकर आप इस सप्ताह काफी योजना बनाकर चलेंगे तो बेहतर रहेगा। आपका डूबा हुआ धन भी इस सप्ताह वापस मिल सकता है। किसी जमीन ज्यादाद में आप निवेश करेंगे तो मैं आपको अच्छा लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों को इस सप्ताह अपने सहयोगियों से कम मतलब रखना ही बेहतर रहेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर चलें। आप काम के साथ-साथ साथी के लिए भी समय निकाले, तो बेहतर रहेगा। वैवाहिक प्रेम जीवन में समस्याएं रहने से मामला बिगड़ सकता है इसलिए आप साथी से कम मतलब रखें। इस सप्ताह आपके बेफिजूल खर्चे आपको परेशान कर सकते हैं। आपको इस समय किसी से कोई वादा करने से बचना होगा। बिजनेस कर रहे लोग कुछ बड़े बदलाव करेंगे जो उनके लिए अच्छे रहेंगे।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से किसी भी वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह खुशियां रहेंगी। आपके खर्च बढ़ने से थोड़ा परेशानी होगी। आप इस सप्ताह यात्राओं पर भी अच्छा धन खर्च करेंगे। किसी से किए वादे को भी इस सप्ताह पूरा करने की कोशिश करेंगे जिससे आपका काफी ध्यान खर्च हो सकता है। इस सप्ताह आपको अपनी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने साथी के साथ सुखद अनुभूति करेंगे और दोनों एक दूसरे के साथ समय बिताएंगे। गृहस्थ जीवन में किसी बात को लेकर नोक-झोक होने के चलते परेशान हो सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति इस सप्ताह थोड़ी कमजोर रहेगी लेकिन आप दिखावे के चक्कर में और उसे बिगाड़ सकते हैं इसलिए संभलकर रहें। निवेश करने के बारे में सोच-समझकर विचार करें। बिजनेस कर रहे लोगों को इस सप्ताह कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। नौकरी में आपको कोई नया ऑफर मिल सकता है।

# शिक्षा युद्ध मानसिकता को बदलने का सशक्त माध्यम बने



ललित गर्ग

विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है, जिसमें शिक्षकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे। इस दिवस को 1994 के बाद से प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है और इस प्रकार वर्ष 2025 में यह 33वाँ विश्व शिक्षक दिवस होगा। इस साल की थीम है-'शिक्षण को सहयोगी पेशे के रूप में फिर से परिभाषित करना।' इसका मतलब है कि पढ़ाई सिर्फ एक व्यक्ति का काम नहीं होना चाहिए। शिक्षक आपस में मिलकर अनुभव शेयर करें, नई तकनीकें अपनाएं और मिलकर शिक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाएं। इस तरह शिक्षक न सिर्फ अपने पेशे में संतुष्ट रहेंगे, बल्कि छात्रों को भी बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। इस साल का संदेश यही है कि शिक्षा को सुधारने के लिए शिक्षण को व्यक्तिगत प्रयास से ऊपर उठाकर साझेदारी और सहयोग का पेशा बनाना होगा। जब शिक्षक मिलकर विचार साझा करेंगे और जिम्मेदारियां बांटेंगे, तभी शिक्षा अधिक प्रभावी और प्रेरक बन पाएगी। शिक्षक सिर्फ ज्ञान देने वाले नहीं होते, बल्कि वे समाज में नवाचार, समानता और परिवर्तन के बीज





बोते हैं। वे बच्चों को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस सिखाते हैं, शिक्षक ही दुनिया में शांति एवं सह-जीवन का प्रभावी सन्देश दे सकते हैं। शिक्षक को पर्याप्त सम्मान, सहयोग और अवसर मिलें तो शिक्षा के माध्यम से एक आदर्श समाज-व्यवस्था एवं शांति की विश्व-संरचना स्थापित की जा सकती है। 2025 में विश्व शिक्षक दिवस की सबसे बड़ी सभा अदीस अबाबा, इथियोपिया में आयोजित हो रही है।

विश्व शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता या शिक्षकों का अभिनंदन करने का अवसर भर नहीं है, बल्कि यह अवसर है शिक्षा की दिशा और दशा को लेकर गहन चिंतन करने का। यह अवसर है यह विचारने का कि आज शिक्षा क्या दे रही है और क्या उसे देना चाहिए। यह अवसर है यह पूछने का कि आज की शिक्षा व्यवस्था केवल नौकरी, व्यवसाय और उपभोग की भूख को बढ़ाने का साधन क्यों बन गई है, क्यों उसमें जीवनमूल्य, नैतिकता, शांति, सहअस्तित्व और अहिंसा जैसे आधारभूत तत्व लुप्त होते जा रहे हैं। यदि शिक्षा का ध्येय केवल ज्ञानार्जन या रोजगार प्राप्ति है तो वह अधूरी है। शिक्षा का परम ध्येय है-मनुष्य को मनुष्य बनाना, उसे सह-अस्तित्व, अमन और अयुद्ध की स्थितियों के प्रति उन्मुख करना।

आज दुनिया भय, हिंसा, युद्ध और तनाव के घेरे में है। तकनीक और विज्ञान ने सुविधाएं दी हैं, लेकिन उसके साथ शस्त्र-प्रतिस्पर्धा, परमाणु हथियारों का अंबार, और हिंसक प्रवृत्तियां भी दी हैं। इस भयावह परिदृश्य में शिक्षा का दायित्व केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रह सकता। शिक्षा को एक आंदोलन बनना होगा, एक वैश्विक अभियान बनना होगा, जो शांति, अहिंसा और अयुद्ध की भावना को संस्कार के रूप में हर हृदय में स्थापित करे। आज की शिक्षा व्यवस्था पश्चिमी उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रभावित होकर स्पर्धा, लाभ और अहंकार की मानसिकता पैदा कर रही है। बच्चे स्कूल और कॉलेजों में डिग्री तो प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके भीतर करुणा, दया, सत्य, मैत्री और सहयोग जैसे गुणों का विकास नहीं हो रहा। समाज का ढांचा शिक्षा से निर्मित होता है, यदि शिक्षा अधूरी है तो समाज भी अधूरा रहेगा। अतः एक ऐसी नई शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अध्यात्म और नैतिकता का संगम हो, जिसमें 'आत्मा की आवाज़' सुनी जा सके, जिसमें शिक्षा केवल बुद्धि का पोषण न होकर हृदय और संवेदनशीलता का भी निर्माण करे।


मानवता का सबसे बड़ा संकट युद्ध और हिंसा है। युद्ध केवल सेनाओं के बीच नहीं होता, बल्कि वह हमारे विचारों में, हमारी इच्छाओं में और हमारी संस्कृति में पलता है। शिक्षा का कार्य है इस युद्ध-मानसिकता को बदलना। शिक्षा को बच्चों और युवाओं के मन में यह स्थापित करना होगा कि शक्ति का वास्तविक स्वरूप हिंसा में नहीं, बल्कि अहिंसा में है। युद्ध में नहीं, बल्कि शांति में है। महात्मा गांधी ने कहा था-यदि हमें शांति चाहिए तो हमें बच्चों को शांति की शिक्षा देनी होगी। यह शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा न होकर व्यवहार का हिस्सा बने। शिक्षक स्वयं शांति के प्रतीक हों, वे अपने आचरण और जीवन से यह संदेश दें कि संघर्ष का समाधान हथियारों से नहीं, संवाद और सहमति से होता है।

शिक्षा को केवल सरकारी योजनाओं या संस्थागत ढांचे पर नहीं छोड़ देना चाहिए। इसे एक आंदोलन के रूप में चलाने की आवश्यकता है। यह आंदोलन अहिंसा का शिक्षण कराए, संवाद की संस्कृति विकसित करे, मानवता को जाति-धर्म और राष्ट्र की सीमाओं से परे प्राथमिकता दे, पर्यावरण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता पैदा करे और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करे। यह आंदोलन तभी सफल होगा जब शिक्षक अपनी भूमिका को समझेंगे और केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन की दिशा दिखाने वाले बनेंगे। वे दीपक की तरह स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश दें। उनके व्यक्तित्व में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, करुणा और सेवा का भाव झलके। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम न पढ़ाए, बल्कि जीवन पढ़ाए। एक विचारक ने कहा है-शिक्षक वह नहीं है जो तुम्हें तथ्यों का ज्ञान कराए, बल्कि वह है जो तुम्हें सोचने के लिए प्रेरित करे। इसके लिये केवल शिक्षा-क्रांति ही नहीं, बल्कि शिक्षक-क्रांति अपेक्षित है।

आज आवश्यकता है कि शिक्षक बच्चों के हृदय को छूने वाले बने, वे केवल करियर बनाने की चिंता न करें, बल्कि चरित्र बनाने का प्रयास करें। शिक्षा रोजगारपरक ही नहीं, जीवनपरक हो। यदि दुनिया में शांति चाहिए, यदि आतंकवाद, हिंसा और युद्ध को समाप्त करना है तो हमें शिक्षा की दिशा बदलनी होगी। शांति और अहिंसा के बीज बचपन में बोने होंगे। अयुद्ध की स्थितियां केवल समझौते से नहीं, बल्कि संस्कार से पैदा होती हैं। शिक्षा को संस्कार की धारा बनना होगा। नए युग की शिक्षा व्यवस्था को यह संकल्प लेना होगा कि वह ऐसे मनुष्य तैयार करेगी जो भौतिक समृद्धि में ही नहीं, आध्यात्मिक ऊंचाई में भी आगे हों। जो हथियार न बनाएँ, बल्कि हाथों में करुणा और सहयोग का दीपक थामें। जो दूसरों के शोषण पर नहीं, बल्कि साझा सुख पर विश्वास करें।

विश्व शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षा केवल शिक्षकों और छात्रों की बात नहीं है, यह समूची मानवता का प्रश्न है। शिक्षा को यदि हम सही दिशा देंगे तो यह दुनिया स्वर्ग बन सकती है। यदि गलत दिशा देंगे तो यह नर्क में बदल सकती है। आज आवश्यकता है एक वैश्विक शिक्षा-आंदोलन के साथ-साथ शिक्षक-आन्दोलन की, जिसमें हर राष्ट्र, हर समाज और हर व्यक्ति की भागीदारी हो। नई शिक्षा व्यवस्था वही होगी जो युद्ध की संस्कृति को बदलकर शांति की संस्कृति स्थापित करे, हिंसा की प्रवृत्तियों को बदलकर अहिंसा की चेतना जगाए, और स्वार्थ की जगह सहयोग को जीवन का मूल मंत्र बनाए। यही शिक्षा का सच्चा उत्सव होगा, यही शिक्षक दिवस का वास्तविक संदेश।

# विलुप्त होते जा रहे दुर्लभ प्रजाति के जीव जंतु



बाल मुकुन्द ओझा

देश में हर वर्ष 2 से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष यह सेवा पर्व विषय के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जो प्रकृति के प्रति सेवा और दायित्व की व्यापक भावना प्रदर्शित करता है। वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के महत्व के बारे में व्यापक जागरूकता के प्रसार के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

वन्यजीव संरक्षण केवल एक प्रजाति या समुदाय के लिए नहीं है। यह समूची मानव जाति के व्यापक हित और कल्याण से जुड़ा है। पृथ्वी पर जन जीवन का आधार वन्यजीव है। वन्यजीव संरक्षण में उनके समुचित प्राकृतिक आवास और आर्थिक संसाधन महत्वपूर्ण केंद्र बिन्दु के रूप में उभरे है। ये दो केंद्र बिंदु हमारे ग्रह की विविध प्रजातियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने, व्यवहार बदलने और नीति में बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। थीम के मुताबिक हमें वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण हेतु न केवल आर्थिक संसाधनों का प्रबंध करना है अपितु जैव विविधता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने है, ताकि इसका लाभ समाज और धरती को भी मिले। वन्यजीवों के लुप्त होने की चिंताजनक दर को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रिपोर्ट से रेखांकित किया गया है, जिससे पता चलता है कि लगभग 44,016 प्रजातियाँ विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ रेड लिस्ट में सूचीबद्ध 157,190 प्रजातियों में से लगभग 28 फीसदी है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रौद्योगिकियों का पता लगाने और उन्हें एकजुट करने, खतरों को कम करने और वन्यजीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए उन्हें फिर से लागू करने के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। भारत में विभिन्न वन्य जीवों की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है। हमें अपने वनों की सुरक्षा और जानवरों के लिए सुरक्षित आवास सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

मानव सभ्यता ने प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन शुरू कर दिया। जंगलों को खत्म कर दिया गया। ऐसे ही कितने ही जीव-जंतुओं का शिकार इस हद तक किया गया कि वह विलुप्त होने की कगार में हैं और कुछ तो विलुप्त भी हो गए। पूरा संसार जंतु तथा पेड़- पौधों की विभिन्न प्रजातियों से भरा हुआ है। सभी प्रजातियों के जीव, जंतु, पेड़, पौधे तथा पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र के अस्तित्व के लिए अपने-अपने तरीकों से महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वन्यजीव मानव अस्तित्व के समय से ही धरती पर उपस्थित हैं, तथा एक- दूसरे के जीवन का अभिन्न अंग भी बन चुके हैं। नई बस्तियां बसाने, औद्योगीकरण, बढ़ती हुई आबादी, गैरकानूनी व्यापार तथा शिकार इत्यादि कार्यों का वन्यजीवों पर विपरीत असर पड़ रहा है। धरती जीव- जंतुओं तथा पौधों की विभिन्न प्रजातियों की संख्या इतनी अधिक तेजी से घट रही है, जितनी तेज गति से यह पूर्व में शायद ही कभी घटी हो। प्रत्येक 24 घंटे के अंदर जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की लगभग 200 प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। इस भांति प्रति वर्ष करीब 73,000 प्रजातियां पृथ्वी से विलुप्त हो रही हैं।

भारत में विश्व के 5 प्रतिशत अर्थात 75,000 प्रजातियों के जीव-जन्तु निवास करते हैं तथा वनस्पतियों की 45,000 प्रजातियाँ भारत में पाई जाती हैं। जनसंख्या विस्फोट और शहरीकरण के ही परिणाम हैं कि वनों को काटकर इसे इमारतों, होटलों, या मानव बस्तियों में बदलने की गतिविधियों में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप जंगल में रहने वाले विभिन्न प्रजातियों के निवास स्थान में कमी आई है। उन्हें उन स्थानों को छोड़ना पड़ता था और नए आवास की तलाश करनी होती थी जो कि आसान नहीं होता है। नए निवास स्थान की खोज, भोजन के लिए बहुत सारी प्रतियोगिता, कई प्रजातियों को लुप्त होने की कगार पर ले जाती है। लेकिन आज इनमें से कई विलुप्त हो गई हैं और कई विलुप्त होने की कगार पर हैं। प्रजातियों के विलुप्त होने के खतरे का पहला कारण इनके रहने की जगह लगातार कम होना है। और इसके लिए जिम्मेदार इंसान हैं क्योंकि इनको भोजन और आश्रय प्रदान करने वाले पेड़ों को वह अपने स्वार्थ के लिए लगातार काट रहे हैं। साथ ही खनन और कृषि जैसी मानवीय गतिविधियां भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

वन्यजीव जानवर और पौधे प्रकृति के महत्वपूर्ण पहलू हैं। किसी भी स्तर पर नुकसान होने पर इसके अप्राकृतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। वे पारिस्थितिक संतुलन के लिए जिम्मेदार हैं और मानव जाति के निर्वाह के लिए, यह संतुलन बनाए रखना चाहिए। इसलिए सरकार द्वारा संरक्षण प्रयासों के साथ, यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है, कि हम व्यक्तिगत रूप से वन्यजीवों के संरक्षण में अपना योगदान करें।

## विदेश की खबरें

### पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सैन्य अधिकारियों, राजनीतिक नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना की

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं द्वारा हाल में की गई टिप्पणियों की शनिवार को आलोचना करते हुए आगाह किया कि भविष्य में दोनों देशों के बीच संघर्ष से ''प्रलयकारी विनाश'' हो सकता है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि ये (भारतीय सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के) ''गैर-जिम्मेदाराना बयान'' आक्रमण के लिए मनमाने बहाने गढ़ने के एक नये प्रयास का संकेत देते हैं और इससे दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए ''गंभीर खतरा'' पैदा हो सकता है। एक दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि पड़ोसी देश विश्व मानचित्र पर अपना स्थान बनाए रखना चाहता है तो उसे अपनी धरती से आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देना चाहिए। इसके अलावा, वायुसेना प्रमुख ए.पी. सिंह ने शुक्रवार को कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों में अमेरिका निर्मित एफ-16 लड़ाकू विमान सहित कम से कम एक दर्जन पाकिस्तानी सैन्य विमान नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हुए। अपने बयान में पाकिस्तानी सेना ने कहा कि उसने भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष स्तर से आ रहे ''भ्रामक और भड़काऊ बयानों'' पर ''गंभीर चिंता'' के साथ गौर किया है। पाकिस्तानी सेना ने बयान में कहा, ''भारत के रक्षा मंत्री तथा उसके थलसेना एवं वायुसेना प्रमुखों के अत्यधिक भड़काऊ बयानों के मद्देनजर, हम आगाह करते हैं कि भविष्य में होने वाला संघर्ष प्रलयकारी विनाश का कारण बन सकता है। अगर फिर से संघर्ष छिड़ा, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट या संयम के, दृढ़ता से जवाब देंगे।'' बयान में ''पाकिस्तान को मानचित्र से मिटा देने'' की धमकी पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा गया कि भारत को ''यह जान लेना चाहिए कि यदि ऐसी स्थिति आती है, तो उसे भी इसके लिए तैयार रहना चाहिए।''


### रूस ने ड्रोन और मिसाइलों से यूक्रेन की विद्युत ग्रिड पर हमला किया, 50 हजार घर प्रभावित

**कीव :** रूस ने ड्रोन और मिसाइलों से शुक्रवार रात से लेकर शनिवार तक यूक्रेन की विद्युत ग्रिड पर भीषण हमले किए। यूक्रेन की एक ऊर्जा कंपनी ने यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले अधिकारियों ने बताया था कि रूस ने यूक्रेन के प्राकृतिक गैस प्रतिष्ठानों पर शुक्रवार को हमले किए जो साढ़े तीन साल पहले मॉस्को द्वारा शुरू किए गए पूर्ण आक्रमण के बाद से सबसे बड़ा हमला है। क्षेत्रीय संचालक चेर्निहिव-ोब्लेनेर्गो के अनुसार, विद्युत ग्रिड पर हमलों के कारण रूसी सीमा के निकट उत्तरी शहर चेर्निहिव के निकट ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं तथा बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लगभग 50,000 घरों के प्रभावित होने की आशंका है। चेर्निहिव सैन्य प्रशासन के प्रमुख दिमित्रो ब्रायजिन्स्की ने पुष्टि की कि शहर पर रात के समय हुए रूसी हमले के कारण कई स्थानों पर आग लग गई लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इससे कितना नुकसान हुआ। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि इससे एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन के सरकारी स्वामित्व वाले नाफ्तोगाज समूह द्वारा संचालित प्राकृतिक गैस सुविधाओं पर युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हमला किया था। यूक्रेनी वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार को 381 ड्रोन और 35 मिसाइल से बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए।

### नेपाल में भारी बारिश के कारण काठमांडू में वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया

**काठमांडू :** नेपाली अधिकारियों ने लगातार बारिश और अगले तीन दिन तक भूस्खलन की आशंका के कारण शनिवार को काठमांडू में वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक नोटिस जारी कर कहा कि शनिवार से सोमवार तक काठमांडू घाटी में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिकारियों ने लोगों से अगले तीन दिन तक लंबी दूरी के वाहन न चलाने को कहा है जब तक कि कोई आपात स्थिति न हो। बागमती और पूर्वी राप्ती नदियों के आसपास के क्षेत्रों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है।

## वर्ग पहेली नं. 3224



*बायें से दायें:-* 1) वैभवशाली, 4) एकत्र, 7) लुब्ध होना; गुज़रना, 9) चौकी, 11) उपरांत, 13) दौलतमंद, 14) चिन्ता, 15) लाचार, 18) अन्न, 20) गुणग्राहक, 23) अंत:पुर, 24) पर्यटन, 27) पक्षीआहार, 28) खींचातानी, 29) सौभाग्य एवं दुर्भाग्य का चक्र, 30) एक धातु.

*ऊपर से नीचे:-* 2) साँझ, 3) कोमलता, 5) मोहक, 6) वृक्ष का धड़, 8) पौधों का डंठल, 10) काम में लगा हुआ, 11) पिता, 12) उपेक्षित; बिलकुल अलग, 16) पान में खाने की तम्बाकू, 17) ब्याज, 19) जनता की राय, 20) शपथ, 21) शोरबेदार, 22) ताज़ा, 25) पीड़ा; कष्ट, 26) भटकती आत्मा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पै | ग़ा | म | ■ | अ | स | फ | ल | ■ | अ |
| ■ | ■ | स | ह | म | त | ■ | घु | म | ड़ |
| नि | रा | ला | ■ | र | ह | स्य | ■ | ■ | च |
| ■ | ज | ■ | उ | ■ | त्त | ■ | अ | म | न |
| स | म | झौ | ता | ■ | र | म | ज़ा | न | ■ |
| ■ | ह | ■ | रू | प | ■ | त | य | ■ | दि |
| आ | ल | स | ■ | ट | क | ■ | ब | ल | वा |
| रं | ■ | वि | प | री | त | ■ | ध | ■ | लि |
| भ | र | ता | ■ | ■ | ला | चा | र | ■ | या |

## सुडोकू-पहेली-3181

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 2 | | | | | |
| | 2 | 3 | | | | | | 5 |
| | | 7 | | 6 | | | 4 | |
| | 8 | | | 9 | 7 | | | |
| | | | | | 8 | | | |
| | | 2 | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 9 | | 8 | |
| 3 | | 6 | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3180 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 |

# मतदाता सूची संशोधन की तैयारियों का जायजा लेने बंगाल आएगा चुनाव आयोग का प्रतिनिधिमंडल

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन की प्रक्रिया शुरू होने से पहले राष्ट्रीय चुनाव आयोग का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल तैयारियों का जायजा लेने राज्य में आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, 8 अक्टूबर को आयोग के अधिकारी वर्चुअल बैठक के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों, अतिरिक्त जिलाधिकारियों (चुनाव), इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारियों और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कर्मियों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप-निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती करेंगे। उनके साथ आयोग की आईटी शाखा की महानिदेशक सीमा खन्ना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक के बाद उप-निर्वाचन आयुक्त सहित आयोग के अन्य अधिकारी दो-तीन जिलों का दौरा भी कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने पहले ही सभी जिलों को निर्देश दिया है कि वे अपनी-अपनी तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार रखें। इसके अलावा लंबित कार्यों को तुरंत पूरा करने के आदेश भी दिए गए हैं। आयोग के सूत्रों के अनुसार, इस बार के विशेष गहन संशोधन का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक सटीक और अद्यतन बनाना है। इसके अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे, पता परिवर्तन और गलतियों का सुधार किया जाएगा तथा मृत या अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल बैठक के बाद चयनित जिलों के जिला मुख्यालय, अनुमंडल और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों का भी भौतिक निरीक्षण करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से हो।

### बीएलओ नियुक्ति विवाद : अनुचित चयन को मंजूरी देने वाले जिलाधिकारियों से जवाब तलब संभव

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की नियुक्तियों को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, राज्य के कुछ जिलों में चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करते हुए करीब दो हजार बूथों पर लगभग 4500 संविदा कर्मियों को बीएलओ नियुक्त कर दिया गया है। अब इन नियुक्तियों को मंजूरी देने वाले जिला स्तरीय चुनाव अधिकारियों से चुनाव आयोग स्पष्टीकरण मांग सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय को मिली रिपोर्ट के अनुसार, जिन संविदा कर्मियों को बीएलओ नियुक्त किया गया है, वे आयोग द्वारा निर्धारित पात्रता मानकों पर खरे नहीं उतरते। सूत्रों के मुताबिक, संविदा कर्मियों की इन नियुक्तियों के लिए न तो पर्याप्त कारण बताए गए और न ही सीईओ कार्यालय से आवश्यक स्वीकृति ली गई। इस कारण संबंधित जिलों के चुनाव अधिकारियों से अब जवाब तलब किया जा सकता है। सीईओ कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि यदि अधिकारी अपने निर्णय को लेकर संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। सीईओ कार्यालय ने इस मामले में उन जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है, जहां ये दो हजार बूथ स्थित हैं। उन्हें इन अनियमित नियुक्तियों पर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

# आज से तृणमूल का जनसंपर्क अभियान, लक्ष्य 2026 विधानसभा चुनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** अगले वर्ष होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस आज से 12 अक्टूबर तक राज्यव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। इस दौरान राज्य के प्रत्येक प्रखंड में 'विजया सम्मेलन' यानी दुर्गा पूजा के बाद जनसमूहों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य त्योहारों के माहौल में जनता के साथ पार्टी का सीधा संपर्क बढ़ाना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी ने हाल ही में इस कार्यक्रम को लेकर नेताओं के साथ बैठक की और उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश दिए हैं।

TRINAMOOL

जानकारी के मुताबिक, पार्टी के 50 से अधिक शीर्ष नेता, जिनमें सांसद, विधायक, राज्य मंत्री और छात्र संगठन के पदाधिकारी शामिल हैं, इन विजया सम्मेलन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे अलग-अलग जिलों और ब्लॉकों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेंगे और प्रशासनिक स्तर पर जनता की शिकायतों को जानने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी 2026 के विधानसभा चुनाव में चौथी बार मुख्यमंत्री बनने की तैयारी में हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि तृणमूल नेतृत्व इस अवसर को किसी भी हाल में गंवाना नहीं चाहता। विजया सम्मेलन कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी केंद्र सरकार द्वारा राज्य की उपेक्षा, भाजपा शासित राज्यों में बंगाली श्रमिकों पर हो रहे हमलों और राज्य सरकार की पिछले 15 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के बीच प्रमुखता से रखेगी। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं भी कोलकाता में आयोजित कुछ कार्यक्रमों में भाग लेंगी और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से विशेष बातचीत करेंगी।

## लक्ष्मी पूजा कल, बाजार के तेवर से गृहिणियों का बजट डगमगाया

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोजागरी लक्ष्मी पूजा से पहले महानगर सह राज्य के तमाम बाजारों में फल-फूल से लेकर सब्जियों के दरों में व्यापक रूप से उछाल आने से गृह लक्ष्मियों के बजट का संतुलन डगमगता रहा। साफ कहें तो मां लक्ष्मी की अगवानी के लिये आतुर गृह लक्ष्मियां कोजागरी से पूर्व शनिवार को महंगाई के कारण परेशान रही। इस दिन, कोलकाता के सियालदाह, कोले मार्केट, कालीघाट, खिदिरपुर, गरियाहाट, लेक मार्केट, बजबज, महेशतल्ला सहित तमाम बाजारों में प्रतिमा, पूजन और प्रसाद सामग्री खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ देखी गयी। बाजार में छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाएं 150 रुपये से लेकर 10 हजार रुपए तक की कीमत में बिक रही हैं। इस दिन, प्रतिमा, पूजन व प्रसाद सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़-भाड़ नजर आई। 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाली कोजागरी लक्ष्मी की पूजा को लेकर फलों की बढ़ी मांग व कीमतों में वृद्धि के बावजूद विभिन्न बाजारों में जमकर फलों की खरीदारी हुई। इस दिन, लेक मार्केट, खिदिरपुर, कालीघाट में सेब 180 से लेकर 200 प्रति किलो के भाव से बिका। इसके अलावा अमरूद 150 रुपए, केला प्रति दर्जन 75 से लेकर 90 रुपए, नारियल प्रति पीस 70 से लेकर 100 रुपए तक की कीमत में तो नाशपाती 160 रुपये प्रति किलों की दर तक बिका। अंगूर 180 से 200 प्रति किलो की दर से बिका। वही सब्जियों के दर भी आकाश पर रहे।

## टीटागढ़ में विसर्जन के दौरान नशे में धुत युवकों ने पुलिस पर किया हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के टीटागढ़ नगरपालिका के वार्ड 22 में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान नशे में धुत युवकों के एक समूह ने पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इलाके में हाई अलर्ट है। पता चला है कि संस्था के सदस्य खड़दह के रासखोला मैदान में बलराम अस्पताल के सामने मूर्ति विसर्जन करने गए थे। आरोप है कि उस समूह के कई सदस्यों ने नशे में घाट इलाके में हंगामा शुरू कर दिया। इस पर, पुलिस उन्हें रोकने गई। आरोप है कि उस दौरान नशे में धुत कुछ युवकों ने कुछ पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ है। जिसमें दिख रहा है कि युवकों का एक समूह पुलिस कर्मियों को पीट रहा है।



जब पुलिस कर्मियों पर 'हमला' हुआ, तो पहले से तैनात रैफ मौके पर पहुंची। युवकों के समूह ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने लाठीचार्ज किया और हमलावर तितर-बितर हो गए। कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हो गई। घटना के बाद इलाका शांत हो गया। पुलिस स्थिति को सख्ती से संभाल रही है। गिरफ्तार किए गए चारों लोगों को अदालत में पेश किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## तृणमूल में अंदरूनी मतभेद उजागर, कुणाल घोष ने वरिष्ठ नेताओं पर साधा निशाना

### बोले... 'मुश्किल वक्त में रहते हैं साइलेंट मोड में'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव कुणाल घोष के एक तीखे सोशल मीडिया पोस्ट ने पार्टी के भीतर गहराते मतभेदों की ओर नया संकेत दिया है। कुणाल घोष ने वरिष्ठ नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब पार्टी किसी विवाद या संकट से जूझती है, तब कई वरिष्ठ नेता 'साइलेंट मोड' में चले जाते हैं। घोष ने अपनी पोस्ट में कहा कि जब-जब पार्टी या राज्य सरकार किसी विवाद में घिरी, तब केवल तृणमूल की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेल के सदस्य ही सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी की छवि बचाने का काम लगातार आईटी सेल और सोशल मीडिया पर



सक्रिय कुछ समर्थकों ने किया है, जबकि कई वरिष्ठ नेता चुप्पी साधे रहे। घोष ने लिखा कि यह पोस्ट तृणमूल कांग्रेस आईटी सेल के सदस्यों और उन तमाम कार्यकर्ताओं के लिए है जो सोशल मीडिया पर निस्वार्थ भाव से पार्टी के पक्ष में काम करते हैं। कई यूट्यूबर भी अपने चैनलों के जरिए पार्टी और ममता बनर्जी का समर्थन कर रहे हैं। जब वरिष्ठ नेता खामोश रहते हैं, तब यही सोशल मीडिया सैनिक पार्टी और सरकार का बचाव करते हैं। आप सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं। आपकी पोस्ट, लाइक, शेयर और कमेंट हमारी ताकत हैं। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब कुणाल घोष ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर खुलकर नाराजगी जताई हो। दूसरी तरफ, कुणाल घोष के इस नए बयान पर तृणमूल नेतृत्व की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## आरजी कर पीड़िता के माता-पिता ने एनसीआरबी रिपोर्ट पर उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के रिपोर्ट का आरजी कर पीड़िता के अभिभावकों ने खंडन करते हुए कई सवाल खड़े किए हैं। शनिवार को, मीडिया कर्मियों से बात करते हुए पीड़िता के माता-पिता ने एन-सीआरबी रिपोर्ट के इस हिस्से को खारिज कर दिया और दावा किया कि ये निष्कर्ष फील्ड बेस्ड रिसर्च पर आधारित नहीं हैं और संभवतः यह रिपोर्ट किसी को खुश करने के लिए तैयार की गई है। पीड़िता की मां ने कहा कि क्या मेरी बेटी सुरक्षित थी, और वह भी अपने कार्यस्थल पर? क्या दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली में रहने वाली वह बुजुर्ग महिला, जो इस हफ्ते सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई, सुरक्षित थी? यहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। मुझे नहीं पता कि रिपोर्ट किसने तैयार की। ऐसा लगता है कि रिपोर्ट कार्यालय में आराम से बैठकर और बिना किसी उचित फील्ड बेस्ड रिसर्च के तैयार की गई है। पीड़िता के पिता ने एनसीआरबी में रिपोर्ट तैयार करने वालों की विश्वसनीयता पर संदेह व्यक्त किया। पीड़िता के पिता ने कहा कि मुझे नहीं पता कि एनसीआरबी में ऐसी रिपोर्ट तैयार करने का काम कौन करता है। अगर मैं यह भी मान लूं कि कोलकाता देश का सबसे सुरक्षित शहर है, तो क्या इसका मतलब यह नहीं कि भारत के दूसरे शहरों में सुरक्षा की स्थिति अकल्पनीय है? मुझे शक है कि एन-सीआरबी को गुमराह किया गया होगा, और इसीलिए ऐसी रिपोर्ट आई। उनके अनुसार, एकमात्र संभावना यह है कि कोलकाता के पुलिस कर्मी आम लोगों द्वारा दर्ज कराई गई ज्यादातर शिकायतों को दर्ज नहीं करते, और इसलिए शहर में अपराध के आंकड़े कम बताए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी बेटी के जाने के बाद हमें हकीकत का अंदाजा हो सकता है। शायद, अनुभव एक जैसे ही हैं।

## छह महीने पहले ममेरी बहन से प्रेम विवाह, पाथरप्रतिमा में ससुराल से युवक का शव बरामद

❑ **ससुराल वालो पर हत्या का आरोप, दो गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा के ढोलाहाट थाना इलाके में महज छह महीने पहले प्रेम विवाह किए एक युवक का शव उसके ससुराल से बरामद किया गया। युवक की कथित तौर पर हत्या की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रकीबुल्लाह मोल्ला के रूप में हुई है। घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि रकीबुल्लाह मोल्ला पाथरप्रतिमा के दक्षिण गंगाधरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान फैजुल हक मोल्ला का भाई है। पुलिस और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, रकीबुल्लाह का अपनी दूर की रिश्तेदार, अपनी ममेरी बहन के साथ प्रेम संबंध था। उसने छह महीने पहले परिवार की मर्जी के खिलाफ अपने मामा की बेटी से शादी की थी। बताया गया है कि उसकी पत्नी शादी के बाद से अपने पिता के घर रह रही थी।

रकीबुल्लाह कभी-कभार अपने ससुराल जाकर रहता था। शुक्रवार की रात युवक अपने ससुराल गया था। देर रात करीब 3.30 बजे रकीबुल्लाह के घर पर फोन गया कि उसने रस्सी से फांसी लगाकर 'आत्महत्या' कर ली है। यह बुरी खबर सुनकर युवक के परिवार वाले तुरंत घर पहुंचे। उन्होंने देखा कि युवक का शव बिस्तर पर पड़ा था। इसके बाद, ढोलाहाट थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने आकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए काकद्वीप भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि रकीबुल्लाह की उसके ससुराल में 'हत्या' कर दी गई। मृतक युवक के शरीर पर कई जगह खरोंच के निशान हैं। रकीबुल्लाह के ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। बाद में, दो को गिरफ्तार कर लिया गया। अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मौत का असली कारण हत्या है या आत्महत्या।

## रेजिनगर में विस्फोट से दहल उठा इलाका, गंगा किनारे युवक का शव बरामद

❑ **निर्माणाधीन मकान में बम बनाने के दौरान हुआ धमाका, पुलिस ने शुरू की जांच**

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** जिले में एक बार फिर विस्फोट की घटना से दहशत फैल गई है। शुक्रवार की रात रेजिनगर थाना अंतर्गत छेतियानी घोषपाड़ा इलाके में जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरा इलाका कांप उठा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उस समय कोई भी स्थानीय व्यक्ति घर से बाहर निकलने को तैयार नहीं था। शनिवार की सुबह जब पुलिस ने दोबारा जांच शुरू की तो सामने आया कि एक निर्माणाधीन मकान में बम बनाने का काम चल रहा था। विस्फोट के बाद इलाके से एक व्यक्ति के लापता होने की खबर है। लापता व्यक्ति की पहचान उस्मान विश्वास के रूप में हुई है, जो तकीपुर पिलखाना इलाके का निवासी बताया गया है। उस्मान की पत्नी समीरा बीबी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 7.30 बजे तीन लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर उनके घर आए थे और उसके पति को बम बांधने के लिए अपने साथ ले गए। समीरा ने बताया कि वह तीन में से एक व्यक्ति को पहचानती हैं, जबकि बाकी दो ने अपने चेहरे गमछे से ढक रखे थे। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने घटनास्थल के पास चार प्लास्टिक के जारों में बम और बम बनाने की सामग्री पड़ी देखी। सूचना मिलते ही रेजिनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बरामद बमों को निष्क्रिय करने के लिए मुर्शिदाबाद जिला बम स्काड को बुलाया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि क्षेत्र में कई खाली जमीनें हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट जमीन कब्जे को लेकर बम बनाने के दौरान हुआ या इसके पीछे कोई और वजह है, इसकी जांच की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : एचडब्ल्यूएच-IV-02-25-26 (खुली), दिनांक: 03.10.2025. उप मुख्य अभियंता (निर्माण)-IV, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकलघाट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई/निविदा हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे में नई लाइन, बाईपास लाइन, मल्टी ट्रैकिंग, फ्लाईओवर इत्यादि के अपेक्षित सर्वेक्षण कार्य के संबंध में सभी परियोजनाओं के लिए अंतिम स्थल के सर्वेक्षण के संचालन के लिए दर अनुबंध जिसमें रेलवे की लाइनियर परियोजनाओं के लिए आधुनिक सर्वेक्षण तकनीक यानी एयरबोर्न अथवा टेरेस्ट्रियल एलआईडीएआर तथा ड्रोन फोटोग्रामेट्री इत्यादि शामिल है। जियोटेकनिकल निरीक्षण इत्यादि का संचालन। रेलवे बोर्ड की नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार डीपीआर, ईपीसी निविदा दस्तावेज तैयार करना। **निविदा मूल्य:** रु. 6,28,89,500.84; **बयाना राशि:** रु. 4,64,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** एनए। **समापन अवधि:** 24 (चौबीस) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख:** 27.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। (CON-43/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in /www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यूटी-03-जीएसयू-एएसएन-25-26, दिनांक 03.10.2025; मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी., गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** डब्ल्यूटी-03-जीएसयू-एएसएन-25-26, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल की गति शक्ति इकाई के अधीन (i) दुर्गापुर एवं तापसी में गुड्स शेड वॉर्फ, एप्रोच रोड, श्रमिकों के लिए विश्राम कक्ष, मर्चेंट रूम, शौचालय, पेय जल की सुविधा, स्नान की सुविधा, टावर लाइटों के निर्माण तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों, (ii) बराचक एवं रानीगंज गुड्स शेड में चहारदीवारी, फेंसिंग, स्क्रीन गार्ड, वाटर स्प्रिंकलरों के प्रावधान, पीएम 10 एनालॉजयरों की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना एवं परिवेशी वायु गुणवत्ता और ध्वनि स्तर की निगरानी के लिए डिजिटल डिस्प्ले की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना, आरडब्ल्यूएच, गार्लेंड ड्रेनों, वृक्षारोपण, परिधि के साथ ग्रीन बफर जोन विकसित करना तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 39,02,37,645.74; **बयाना राशि:** रु. 21,01,200/-। **कार्य समापन अवधि:** 06 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय/ बोली की नियत तारीख:** 30.10.2025 को 15.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखे जा सकते हैं। (ASN-199/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in /www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बराहनगर में भरी दोपहर स्वर्ण व्यवसायी की हत्या

### खरीददारों के वेश में आए 6 लोगों ने किया हमला, लूटे ढेर सारे गहने

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बराहनगर थाना इलाके में शनिवार की भरी दोपहर में एक स्वर्ण व्यवसायी की उसकी ही दुकान में बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शंकर जाना के रूप में की गई है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि दुकान लूटने से रोकने पर मालिक की हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही बराहनगर थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। लेकिन, तब तक बदमाश भाग चुके थे। दुकान और आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद जांचकर्ता उन्हें पकड़ने के लिए सक्रिय हो गए हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। अन्य व्यवसायी भी दुकान की




सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बाद में, बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट ने मौके पर जाकर मौके पर जांच शुरू की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 3 बजे बराहनगर थाना अंतर्गत शंभूनाथ दास लेन हुई। शंकर जाना नाम का दुकान मालिक उस समय अपनी दुकान में था। 6 लोग खरीदार के वेश में दुकान में घुसे। आरोप है कि गहना देखते-देखते उन्होंने दुकान पर लूटपाट शुरू कर दी। शंकर ने उन्हें रोकने की कोशिश की। पता चला है कि लुटेरों ने गुस्से में आकर दुकान मालिक पर हमला कर दिया। पहले उन्होंने शंकर की आंखों में मिर्च पाउडर फेंका और उन्हें बेहोश कर दिया। फिर, लुटेरों ने उनके सिर के पिछले हिस्से पर किसी भारी चीज से वार किया। शंकर बेहोश हो गए। फिर, बदमाशों ने दुकान से गहने लूट लिए, शटर गिरा दिए और भाग गए। इतनी बड़ी घटना की खबर मिलते ही बराहनगर नगरपालिका के उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बसु मौके पर पहुंचे। पुलिस का शुरुआती अनुमान था कि बदमाश रेकी करने के बाद दुकान लूटने आए थे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान ट्रेलर के पहिए से कुचलकर महिला की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मूर्ति विसर्जन के दौरान एक महिला की ट्रेलर के पहिए से कुचलकर मौत हो गई। यह दुखद घटना दक्षिण कोलकाता के शरत बोस रोड पर हुई। पता चला है कि मूर्ति ले जा रहे ट्रेलर से गिरने के बाद यह हादसा हुआ। पहियों से कुचलकर रेणुका सरकार (31) की मौत हो गई। पता चला है कि बालीगंज प्लेस की रहने वाली रेणुका अपने पड़ोस के पूजा आदि बालक संघ की मूर्ति की शोभायात्रा के साथ निकल रही थीं। वह उस ट्रेलर में बैठी थीं जिसमें प्रतिमा था। अचानक वह ट्रेलर से गिर गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेलर उन्हें करीब 30 मीटर तक घसीटती हुई ले गई। लहूलुहान हालत में जब महिला को एसएसकेएम ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना या कुछ और? पुलिस जांच कर रही है।

# लगातार चौथी बार देश का सबसे सुरक्षित शहर बना कोलकाता

❑ **एनसीआरबी की 2023 की रिपोर्ट में दावा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता एक बार फिर देश का सबसे सुरक्षित शहर बन गया है। यह चौथा लगातार वर्ष है, जब तिलोत्तमा ने इस खिताब को हासिल किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के कुल 19 प्रमुख शहरों को इस अध्ययन में शामिल किया गया था, जिसमें कोलकाता अपराध नियंत्रण और पुलिस की तकनीकी क्षमता के मामले में सबसे आगे रहा। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता में प्रति एक लाख आबादी पर केवल 83.9 संज्ञेय अपराध दर्ज हुए हैं। वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 86.5 था, जबकि 2021 में 103.5 था। वर्ष 2016 में



यह संख्या 159.6 थी, जो लगातार घटती जा रही है। इससे यह साबित होता है कि पिछले कई वर्षों में कोलकाता में अपराध की दर लगातार कम हुई है। दूसरे सुरक्षित शहर के रूप में हैदराबाद को स्थान मिला है, जहां प्रति लाख आबादी पर 332.3 अपराध हुए। पुणे तीसरे स्थान पर रहा, जहां प्रति लाख 337.1 अपराध दर्ज किए गए। वहीं मुंबई में यह आंकड़ा 355.4 रहा। इसके विपरीत, सबसे असुरक्षित शहरों की सूची में केरल का कोच्चि सबसे ऊपर है, जहां प्रति लाख 3192.4 अपराध दर्ज हुए। दूसरे स्थान पर दिल्ली रही, जहां यह दर 2105.3 रही, जबकि तीसरे स्थान पर गुजरात का सूरत शहर रहा, जहां प्रति लाख 1377.1 अपराध दर्ज हुए।

❑ **महिलाओं के खिलाफ अपराध में भी कमी**

रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी कमी आई है। वर्ष 2023 में कुल 1746 शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि 2022 में यह संख्या 1890 और 2021 में 1783 थी। शहर में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर प्रति लाख 25.7 है, जो देश में तीसरे स्थान पर है। इस सूची में चेन्नई पहले स्थान पर (17.3) और कोयंबटूर दूसरे स्थान पर (22.7) है। 2023 में कोलकाता में वयस्क महिलाओं के साथ दुष्कर्म के 10 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 और 2021 में यह संख्या 11 थी। इसी वर्ष नाबालिकाओं से बलात्कार के 172 मामले दर्ज किए गए।

* **मंत्री ने जताई संतुष्टि**

राज्य की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट से यह साबित हो गया है कि कोलकाता वास्तव में एक सुरक्षित शहर है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमेशा से कहती रही हैं कि किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति शून्य सहनशी-लता की नीति अपनाई जाए। तृणमूल कांग्रेस ने भी एनसीआरबी की यह रिपोर्ट अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की है, जिसमें कोलकाता की सुरक्षा व्यवस्था को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में मिली सफलता बताया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**


**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी**

ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/35, दिनांक 26.09.2025; वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा **वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी** के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। ● **सूचीपत्र सं. :** पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-35; ● **नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 13.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण** क्रमशः निम्नलिखित हैं: एए/1; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीबीएई-ओएच-139-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); बैद्यवाटी, मानकुंडु, चुचुड़ा एवं बैण्डेल स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 09 (नौ) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/2; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीईए-ओएच-140-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); दियाड़ा, नालीकुल, हरिपाल, कैकाला एवं आरामबाग स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 06 (छह) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/3; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-ओएच-131-24-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); सैंथिया एवं रामपुरहाट स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/4; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-8-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा स्टेशन के निकट गुलमोहर कॉलोनी के फूटबॉल मैदान के पूर्वी छोर पर स्थित निर्दिष्ट क्षेत्र में वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/5; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-ओएच-132-24-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); गुसकरा, बोलपुर एवं प्रांतिक स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 09 ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/6; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-137-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); डानकुनी, बेलूड़मठ एवं सेवड़ाफुली स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 07 (सात) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/7; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-9-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा स्टेशन के निकट गुलमोहर कॉलोनी में डबसन रोड एवं एच.एम. बोस रोड के चौराहे पर स्थित निर्दिष्ट क्षेत्र में वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/8; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-133-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); कटवा, खगड़ाघाट रोड एवं आजिमगंज जंक्शन स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 06 ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। एए/9; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-54-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) अदद वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे की जानकारी तथा विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु अधिकारों की सुपुर्दगी। एए/10; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-55-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) अदद वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे की जानकारी तथा विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु अधिकारों की सुपुर्दगी। **एबी/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में-डिजिटल); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ हावड़ा मंडल के क्लस्टर-3 के अधीन (बैण्डेल, नबद्वीप धाम एवं कटवा) स्टेशनों में डॉयनामिक बीएचआईएम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों तथा अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्युअल डिसप्ले फेयर रीपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी। **एबी/2;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में-डिजिटल); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ हावड़ा मंडल के क्लस्टर-2 के अधीन (सेवड़ाफुली, बैद्यवाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदन नगर, चुचुड़ा एवं तारकेश्वर) स्टेशनों में डॉयनामिक बीएचआईएम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों तथा अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्युअल डिसप्ले फेयर रीपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी। **एसी/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीपीई-ओएसडी-26-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में-नॉन-डिजिटल); तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के बेगमपुर स्टेशन के स्टेशन परिसर के भीतर वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एसी/2;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-129-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में-नॉन-डिजिटल); 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म (पीएफ 8 से 15) में एलईडी फ्लैंज के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार। **एसी/3;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-ओएसएन-25-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में-नॉन-डिजिटल); 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के जनाई रोड स्टेशन के स्टेशन परिसर के भीतर वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एसी/4;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में-नॉन-डिजिटल); हावड़ा मंडल के क्लस्टर-IV के अधीन स्टेशनों [(क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) आदलपहाड़ी से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से टाकीपुर स्टेशन तक तथा (घ) चौहाट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक] के स्टेशन परिसर के भीतर वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार। **एसी/5;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-ओएसएन-27-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में-नॉन-डिजिटल); 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के बारुईपाड़ा स्टेशन के स्टेशन परिसर के भीतर वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एडी/1;** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर30-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन के भीतर एवं बाहर); हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों वाली ईएमयू रेक के कोचों के सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों तथा अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) एवं कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के जरिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार की सुपुर्दगी। (HWH-326/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ठाकुरपुकुर एसबी पार्क सर्वजनिन की प्रतिमा का संरक्षण करेगी राज्य सरकार



**कोलकाता :** दुर्गा पूजा के समापन के बाद जहाँ लगभग सभी स्थानों पर प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है, वहीं ठाकुरपुकुर एसबी पार्क सर्वजनिन की प्रतिमा इस बार विसर्जित नहीं होगी। राज्य सरकार ने इसे संरक्षित करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से पूजा समिति के सदस्य बेहद उत्साहित हैं।

सरकार ने घोषणा की है कि इस वर्ष की प्रतिमा को रवींद्र सरोवर स्थित माँ संग्रहालय में सुरक्षित रखा जाएगा। पिछले वर्ष बेहाला क्षेत्र की चाँदेर हाट पूजा की प्रतिमा को भी इसी तरह संरक्षित किया गया था। समिति का मानना है कि यह निर्णय केवल कलाकृतियों को सुरक्षित रखने के लिए ही नहीं, बल्कि बंगाल की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

इस बार ठाकुरपुकुर एसबी पार्क सर्वजनिन पूजा अपने 55वें वर्ष में पहुँची। इस वर्ष की थीम थी प्राचीन कथा, जिसे कलाकार राजू सरकार ने तैयार किया। इसका आधार था मोगलमाड़ी क्षेत्र, जहाँ मिट्टी के नीचे ऐतिहासिक धरोहरें मिली हैं। खुदाई के दौरान यहाँ कई बौद्ध प्रतिमाएँ सामने आईं–कुछ ध्यान मुद्रा में और कुछ अभय मुद्रा में।

पूजा समिति के अधिकारी संजय मजूमदार ने कहा, जो लोग कहते हैं कि बंगाल का इतिहास नहीं है, उनके लिए मोगलमाड़ी सबसे बड़ा उत्तर है। यहाँ की जमीन के नीचे आज भी गुमकाल के बाद की मुद्राएँ, ईंटें और देवी-देवताओं की प्रतिमाएँ दबे हुए हैं। यह थीम इतिहास और परंपरा की जीवंत गवाही है।

राज्य सरकार का यह कदम एक बार फिर साबित करता है कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह बंगाल की कला और संस्कृति के संरक्षण का माध्यम भी बन चुकी है।

## पूजा कार्निवल में शामिल नहीं हुए कृष्ण कल्याणी, विधायक के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज



**उत्तर दिनाजपुर/कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राज्य में दलबदल की गतिविधियां फिर से तेज हो गई हैं। रायगंज नगरपालिका, जो तृणमूल के अधीन है, के विधायक कृष्ण कल्याणी ने नगरपालिका के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए यह घोषणा की है कि वे पूजा उत्सव में भाग नहीं लेंगे। सोशल मीडिया पर उनके इस बयान ने राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है, खासकर जब राज्य में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीनों में होने वाले हैं। इस बीच, कृष्ण कल्याणी के दल बदलने की संभावनाएं भी चर्चा का विषय बन गई हैं। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि शहर की स्थिति चिंताजनक है। रायगंज नगरपालिका और प्रशासन की लापरवाही के कारण सफाई और बुनियादी ढांचे का विकास ठप हो गया है। जलभराव, गंदगी और कचरा प्रबंधन की कमी आज हमारे सामने है। कृष्ण कल्याणी ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी फंड के बावजूद नगरपालिका असफल रही है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि आम जनता इस स्थिति से नाराज है। उन्होंने नगरपालिका की उदासीनता पर आरोप लगाते हुए कहा कि त्योहारों के नाम पर केवल दिखावे में शामिल होना अनुचित है। इसलिए, उन्होंने पूजा उत्सव में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया। उनके इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। कृष्ण कल्याणी के एक पोस्ट ने उनके दल बदलने की संभावनाओं को फिर से चर्चा में ला दिया है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने 2021 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होकर रायगंज सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन कुछ महीनों बाद तृणमूल में लौट आए।

## लक्ष्मी पूजा पर ब्लू लाइन में घटेगी मेट्रो सेवाओं की संख्या, चलेगी 236 ट्रेनें



**कोलकाता :** लक्ष्मी पूजा के दिन यानी सोमवार, 6 अक्टूबर को कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर सेवाओं की संख्या घटा दी जाएगी। इस दिन कुल 236 मेट्रो सेवाएँ (118 अप और 118 डाउन) चलाई जाएँगी, जबकि सामान्य दिनों में यह संख्या 272 होती है। मेट्रो रेलवे ने प्रेस रिलीज़ जारी कर इस संबंध में जानकारी दी है।

ब्लू लाइन पर सुबह की सेवाएँ तय समय पर ही शुरू होंगी। नोआपाड़ा से शाहिद खुदीराम तक पहली मेट्रो सुबह 6:50 बजे चलेगी। शाहिद खुदीराम से दक्षिणेश्वर तक पहली सेवा सुबह 6:54 बजे और दक्षिणेश्वर से शाहिद खुदीराम तक सुबह 6:55 बजे शुरू होगी। वहीं, महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर तक भी पहली मेट्रो सुबह 6:55 बजे रवाना होगी।

रात की अंतिम सेवाओं में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। दक्षिणेश्वर से शाहिद खुदीराम तक आखिरी मेट्रो रात 9:28 बजे चलेगी। शाहिद खुदीराम से दक्षिणेश्वर तक अंतिम सेवा रात 9:33 बजे और शाहिद खुदीराम से दमदम तक आखिरी ट्रेन रात 9:43 बजे रवाना होगी।

मेट्रो अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल ब्लू लाइन पर ही सेवाओं की संख्या कम की जाएगी। ग्रीन लाइन, येलो लाइन, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर इस दिन सामान्य सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी।

### अमेजन पे ने पेश किया पेमेंट्स का ए टू जेड, सभी पेमेंट मोड्स अब एक ही जगह

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन पे ने अपने नए अपडेटेड इंटरफेस पेमेंट्स का ए टू जेड को लॉन्च किया, जो सभी पेमेंट मोड्स को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाता है। अब उपयोगकर्ता यूपीआई, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, अमेजन पे बैलेंस और अमेजन पे लेटर से अपने सभी लेन-देन तेज, स्मार्ट और अधिक रिवॉर्डिंग तरीके से कर सकते हैं। इस नए इंटरफेस में यूनिफाइड डैशबोर्ड है, जिससे सभी बिल, सब्सक्रिप्शन और ऑटो-पे ऑप्शंस एक जगह मैनेज किए जा सकते हैं। अमेजन पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म भारत का सबसे संपूर्ण पेमेंट सॉल्यूशन है, जो सरल, सुरक्षित और हमेशा रिवॉर्डिंग अनुभव प्रदान करता है। नए फीचर्स 10 करोड़ से अधिक यूपीआई कस्टमर्स और 7 करोड़ अमेजन पे बैलेंस यूजर्स के लिए रोजाना के पेमेंट्स को आसान बनाएंगे।

## सबंग में बेटे ने की माता-पिता की हत्या, गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के सबंग ब्लॉक के देभोग ग्राम पंचायत के खड़पोड़ा गांव में शनिवार एक हृदयविदारक घटना सामने आई। यहां एक कलयुगी बेटे ने अपने ही वृद्ध माता-पिता की निर्मम हत्या कर दी। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान भीम हांसदा (56) और उनकी पत्नी संवरी हांसदा (50) के रूप में हुई है। दोनों का शव उनके ही घर से खून से लथपथ और क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुआ। दोनों की हत्या धारदार हथियार से की गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार, एकादशी की रात पिता-पुत्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शनिवार की सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा बंद रहा, तो पड़ोसियों को शक हुआ। कई बार आवाज देने पर भी जवाब न मिलने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ा। अंदर का दृश्य देखकर सबके होश उड़ गए, भीम हांसदा का शव बिस्तर पर पड़ा था और पत्नी संवरी फर्श पर लहूलुहान हालत में पड़ी थीं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया है। जांच में पता चला कि वारदात के बाद उनका इकलौता बेटा परेश हांसदा फरार हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि परेश मानसिक रूप से असंतुलित रहता था। सबंग थाने के प्रभारी चंचल सिंह ने बताया कि गहन तलाशी अभियान चलाकर शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे परेश उर्फ गोपाल को डेबरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि किसी घरेलू विवाद के कारण उसने माता-पिता की हत्या की थी। इस जघन्य हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

### पुरुलिया में स्कूल परिसर में मिला महिला का अर्धनग्न शव

**पुरुलिया :** पुरुलिया शहर में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय परिसर से द्वादशी की सुबह एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव बरामद हुआ। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शहर के वार्ड 21 में अलंगीडांगा प्राथमिक विद्यालय है। शनिवार की सुबह स्कूल के एक तरफ दीवार से घिरे इलाके में एक महिला का शव मिला। शव अर्धनग्न अवस्था में था। शव को देखते ही इलाके में दहशत फैल गई। क्या महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई? शव स्कूल परिसर में कैसे आया? क्या शव की कहीं और हत्या कर दीवार के पीछे फेंका गया? यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। घटना की खबर मिलते ही पुरुलिया सदर थाना पुलिस आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

## पूर्व बर्दवान में मंडप का माइक्रोफोन खोलते समय बिजली का झटका लगने से व्यक्ति की मौत

**पूर्व बर्दवान :** जिले के जमालपुर थाना अंतर्गत चकदिघी ग्राम पंचायत के अंतर्गत गोपीकांतपुर गांव के पूजा मंडप में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मंडप में लगे माइक्रोफोन खोलने के दौरान करंट लगने से एक माइक्रोफोन मैन की मौत हो गई। यह दुर्घटना शुक्रवार की शाम लगभग 4:45 बजे हुई। मृतक की पहचान अचिंत्य पाल (50) के रूप में हुई है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि अचिंत्य का घर उसी ग्राम पंचायत क्षेत्र के शेरगढ़ गांव में है। अपनी मां अत्सी की मृत्यु के तीन दिन बाद उनके बेटे अचिंत्य की दुखद मौत ने इलाके में शोक की छाया डाल दी है। पता चला है कि अचिंत्य पाल पेशे से माइक्रोफोन व्यापारी था। अन्य वर्षों की तरह, इस वर्ष भी, उन्होंने चकदिघी के गोपीकांतपुर गांव में दुर्गा पूजा के लिए एक माइक्रोफोन किराए पर दिया था। ग्रामीणों ने शुक्रवार की दोपहर को मंडप से दुर्गा प्रतिमा उतारी और उसे विसर्जित करने के लिए इलाके के जलाशय पर पहुंचे। गांव निवासी कृष्णा मंडल ने बताया कि दोपहर में गांव के सभी लोग प्रतिमा हटाने में व्यस्त थे। उस समय कच्चे कपड़े पहने अचिंत्य पाल मंडप और पास में लगे माइक्रोफोन को खोलने आया। उस समय वह किसी तरह माइक्रोफोन उपकरण से करंट की चपेट में आ गया। मंडप के पास पीठ के बल बैठे कुछ लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर उसे बचाया। वे आनन-फानन में अचिंत्य को जमालपुर प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन अंत को बचाया नहीं जा सका। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने अचिंत्य पाल को मृत घोषित कर दिया।

## ऑल इंडिया कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता 2025 में पूर्व रेलवे का शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने ऑल इंडिया कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता (रनर-अप) का खिताब अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आरपीएफ लाइन, दयाबस्त, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में पूर्व रेलवे की प्रतिभागी एलएसआई प्रीति कुमार (एचडब्ल्यूसी पोस्ट) ने स्वर्ण पदक जीतकर रेलवे का नाम रोशन किया, जबकि एलसी अंजलि कुमारी (एसएचई पोस्ट) ने कांस्य पदक प्राप्त कर पूर्व रेलवे का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे ने समग्र चैंपियनशिप का खिताब जीता। वहीं, पूर्व रेलवे ने उपविजेता बनकर अपनी उत्कृष्ट दक्षता, तकनीकी ज्ञान और समर्पण का परिचय दिया। रेल प्रशासन ने विजेता प्रतिभागियों और पूरी टीम को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।



हावड़ा सेंट्रल आरपीएफ पोस्ट की एलएसआई प्रीति कुमारी ने जीता स्वर्ण पदक।

### भारत में एनिमल हेल्थकेयर सर्विस का नया युगः

## वेटरिनरी वैक्सीन निर्माताओं ने वीवीआईएमए का किया गठन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के एनिमल हेल्थकेयर सेक्टर में एक अहम पहल के रूप में देश के प्रमुख वेटरिनरी वैक्सीन निर्माताओं ने वेटरिनरी वैक्सीन इंडिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (वीवीआईएमए) का गठन किया है। यह एक गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी संगठन होगा जो उद्योग की सामूहिक आवाज के रूप में कार्य करेगा। वीवीआईएमए का उद्देश्य भारत को पशु वैक्सीन अनुसंधान, विकास और उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना है। वीवीआईएमए नीति-निर्माताओं और नियामकों के साथ मिलकर गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। संगठन पशु और पोल्ट्री स्वास्थ्य के लिए प्रभावी टीकाकरण रणनीतियों को प्रोत्साहित करेगा, जिससे बीमारियों और जूनोटिक संक्रमणों के जोखिम को कम किया जा सके। वीवीआईएमए के अध्यक्ष राजीव गांधी (हेस्टर बायोसाइंसेज लिमिटेड) ने कहा कि यह संघ भारत को वेटरिनरी वैक्सीन निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करेगा। उपाध्यक्ष डॉ. के. आनंद कुमार (इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड) ने कहा कि वीवीआईएमए भारत को वैश्विक वेटरिनरी वैक्सीन हब बनाने की दिशा में नीतिगत सहयोग देगा।

## विधायक अदिति मुंशी, विधाननगर के मेयर परिषद सदस्य देवराज चक्रवर्ती ने दुर्गा पूजा, विजयादशमी की शुभकामना दी

**कोलकाता :** कैखाली स्थित श्यामबाबा कम्प्लेक्स रेजिडेंट्स कल्चरल सोसाइटी में दुर्गा पूजा के उद्घाटन के अवसर पर विधायक अदिति मुंशी, विधाननगर के मेयर परिषद सदस्य देवराज चक्रवर्ती, पार्षद सम्राट बरुआ, समाजसेवी विनोद सुल्तानिया, अभिनेता राजीव बोस व विशिष्ट अतिथियों ने दुर्गापूजा की शुभकामनाएं दी। संस्था के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि यह पूजा का दूसरा वर्ष है। पूजा को लेकर कम्प्लेक्स के निवासियों में भक्ति भावना एवम् उत्साह है।



महाषष्ठी के दिन पूजा का शुभारम्भ हुआ, महासप्तमी को बच्चों की सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन, महाअष्टमी को विशेष डांस ट्रुप द्वारा रंगारंग कृत्रिम रोशनियों के बीच महिषासुर मर्दिनी का मंचन किया गया। सोसायटी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महानवमी को डीजे रास गरबा नाइट्स, विजया दशमी को महिलाओं के लिए सिंदूर खेला के आयोजन के साथ धुनुची डांस में महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। पूजा के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष रमेश धानुका, अनिल भालोटिया. सचिव संदीप लोहिया, संयुक्त सचिव रवि लोहिया, कोषाध्यक्ष कमल गोयनका, संयुक्त कोषाध्यक्ष सतीश पोद्दार, संयोजक, सुनील चौधरी, सज्जन शर्मा एवं पूजा समिति सदस्य प्रकाश सराफ, अनिल चौधरी, संजीव शर्मा, नारायण टिबरेवाल, प्रदीप गोयनका, अनिर्बान बर्मन रॉय तथा निवासियों का सक्रिय योगदान रहा।

### सियालदह और योगनगरी ऋषिकेश के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह और योगनगरी ऋषिकेश के बीच विशेष ट्रेन चलाया जा रहा है। यह विशेष ट्रेन यात्रियों की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त क्षमता और लचीलापन प्रदान करेगी। 04312 योगनगरी ऋषिकेश-सियालदह साप्ताहिक विशेष ट्रेन 11 अक्टूबर से 15 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को योगनगरी ऋषिकेश से दोपहर 3:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 11:00 बजे सियालदह पहुंचेगी। वहीं, 04311 सियालदह-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक विशेष ट्रेन 13 अक्टूबर से 17 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को सुबह 5:00 बजे सियालदह से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12:00 बजे योगनगरी ऋषिकेश पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में यह विशेष ट्रेन पूर्व रेलवे क्षेत्र के 25 स्टेशनों पर ठहरेगी, जिनमें नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।

### कन्या पूजन में उपहार वितरण एवम् पूजा दर्शनार्थियों की सेवार्थ शीतल शर्बत एवम् पेय जल वितरण



**कोलकाता :** शाकुन्तल कान्यकुब्ज महिला समिति एवं कलकत्ता कान्यकुब्ज सभा द्वारा नवरात्र उत्सव में आयोजित कन्या पूजन उत्सव में 50 बालिकाओं का भक्तिमय वातावरण में कन्या पूजन के बाद प्रसाद एवं उपहार वितरण किया गया। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, सचिव कुलदीप दीक्षित ने बताया कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, शकुन्तला तिवारी, महिला समिति की अध्यक्ष प्रभा बाजपेई, सचिव पूनम दीक्षित के मार्गदर्शन में शीला अवस्थी, क्षमा दीक्षित, शशी शुक्ल, सुनील अवस्थी, सुनील दीक्षित, अश्विनी मिश्र एवम् कार्यकर्ताओं का सक्रिय योगदान रहा। दुर्गापूजा के अवसर पर पूजा दर्शनार्थियों की सेवार्थ शीतल शर्बत एवम् पेय जल वितरण अहिरीटोला पूजा पंडाल के समीप मां शीतला मंदिर के समीप 28 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक किया गया। शिविर संयोजक अशोक तिवारी, संगम पांडे, बिमल बाजपेई एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। कान्यकुब्ज सभा एवम् महिला समिति के सेवा कार्य की सभी ने सराहना की।

## लायंस डिस्को डांडिया 2025 ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस क्लब इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322बी2 द्वारा आयोजित लायंस डिस्को डांडिया 2025 का तीन दिवसीय भव्य आयोजन कोलकाता के पार्क होटल में अद्भुत सफलता के साथ संपन्न हुआ। 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चले इस सांस्कृतिक उत्सव ने कोलकाता की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का शानदार उदाहरण पेश किया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में कोलकाता के साथ-साथ आसपास के जिलों और राज्यों से हजारों लोगों ने भाग लिया। महानवमी (30 सितंबर) के दिन 2000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और इसे शहर का सबसे सफल डांडिया आयोजन बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें लायन ए.पी. सिंह (इंटरनेशनल प्रेसिडेंट), लायन



संगीता जाटिया (पास इंटरनेशनल डायरेक्टर), पीडीजी लायन महेंद्र जैन और लायन त्रिलोक राजगढ़िया सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। डांडिया प्रतियोगिताओं, आकर्षक परिधानों और संगीत कार्यक्रमों ने उत्सव का रंग और बढ़ा दिया। समापन दिवस पर विजयादशमी की आरती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पुरस्कार वितरण ने आयोजन को यादगार बना दिया।

इस आयोजन से प्राप्त निधि टॉली लायंस डायलिसिस सेंटर, ज्योति रक्षा परियोजना और फूड फॉर लाइफ (हावड़ा ग्रेटर) जैसी सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित की जाएगी। लायंस डिस्को डांडिया 2025 ने सिद्ध किया कि लायंस परिवार सेवा, संस्कृति और समाज-तीनों के संगम का प्रतीक है।

### जन्मजात विकृत आंत की सफल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

**कोलकाता :** बचपन से ही पेट में तेज दर्द से जूझ रही 20 वर्षीय महिला को आखिरकार एक सफल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के बाद पूरी तरह से राहत मिल गई है। वर्षों से कई डॉक्टरों से परामर्श लेने के बावजूद, उसकी स्थिति का निदान नहीं हो पाया था, जब तक कि हाल ही में सीटी स्कैन से मूल कारण, जन्मजात आंत विकृति, का पता नहीं चला। यह एक दुर्लभ स्थिति है जिसमें आंतें जन्म से ही असामान्य रूप से मुड़ी हुई होती हैं। डॉ. संजय मंडल के नेतृत्व में सर्जिकल टीम ने उसकी आंतों को सावधानीपूर्वक मोड़कर उनकी स्थिति बदलने के लिए साढ़े तीन घंटे की एक जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की। चूँकि यह प्रक्रिया न्यूनतम आक्रामक थी, इसलिए वह जल्दी ठीक हो गई और दो दिनों के भीतर अस्पताल से छुट्टी मिल गई। मरीज अब बिल्कुल दर्द मुक्त है और उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

### कोलन और किडनी के दोहरे कैंसर की सफल सर्जरी

**कोलकाता :** एक 60 वर्षीय महिला, जिसे मल में खून आ रहा था,महिला ने अपने दाहिने कोलन और बाएँ गुर्दे दोनों से कैंसर निकालने के लिए सफलतापूर्वक सर्जरी करवाई है। मरीज़ ने समय-समय पर कई अस्पतालों में इलाज करवाया, लेकिन कहीं से भी आराम नहीं मिला। शुरुआत में, इस बात को लेकर दुविधा थी कि क्या दोनों सर्जरी अलग-अलग की जाएँ, लेकिन बाद में बहु-विषयक ट्यूमर बोर्ड ने दोनों कैंसर का एक ही प्रक्रिया में ऑपरेशन करने का फैसला किया। मरीज़ की पाँच घंटे की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी हुई, जिसमें बड़ी आंत को निकालना और बाएँ गुर्दे के ट्यूमर का एक विशेष नेफ्रॉन-बख्शने वाला रिसेक्शन शामिल था। यह सर्जरी डॉ. संजय मंडल के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा की गई। सर्जरी के बाद उन्हें तीन दिनों तक निगरानी में रखा गया और फिर छुट्टी दे दी गई।

## कोलकाता मेट्रो में दुर्गापूजा पर यात्रियों की भरमार, कालीघाट, दमदम और शोभाबाजार-सुतानुती सबसे आगे

**कोलकाता :** दुर्गापूजा के पंचमी से दशमी तक इस साल कोलकाता मेट्रो में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। मेट्रो रेलवे, कोलकाता ने इस अवधि में अपनी सभी कॉरिडोरों पर मिलाकर 46.56 लाख से अधिक यात्रियों को ढोया। यात्री संख्या के मामले में कालीघाट मेट्रो स्टेशन सबसे ऊपर रहा, जहाँ से 4.06 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। इसके बाद दूसरे स्थान पर दमदम स्टेशन रहा, जहाँ यात्रियों की संख्या 3.95 लाख से अधिक रही। वहीं, शोभाबाजार-सुतानुती स्टेशन तीसरे स्थान पर रहा, जहाँ से 2.88 लाख से अधिक यात्री गुज़रे।

ग्रीन लाइन के सीलदह स्टेशन पर भी यात्रियों का रेला उमड़ा और यहाँ से 2.68 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की, जबकि हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर 2.65 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही दर्ज हुई। अधिकारियों का कहना है कि हावड़ा और सीलदह स्टेशनों की यह लोकप्रियता साबित करती है कि कोलकाता मेट्रो अब उपनगरीय यात्रियों के लिए भी शहर पहुँचने का सबसे भरोसेमंद साधन बनता जा रहा है।

दूसरी ओर, पूजा के दौरान एस्प्लेनेड स्टेशन से 2.57 लाख, रवींद्र सरोवर से 1.85 लाख, दक्षिणेश्वर से 1.81 लाख, श्यामबाजार से 1.74 लाख और बेलगछिया से 1.65 लाख यात्रियों ने यात्रा की।

इस भीड़ से निपटने के लिए यात्रियों ने डिजिटल टिकटिंग को बड़े पैमाने पर अपनाया। पंचमी से दशमी तक 5.01 लाख से अधिक यात्रियों ने आमर कोलकाता मेट्रो ऐप से टिकट बुक किए। इसी अवधि में 18,498 नए स्मार्ट कार्ड जारी किए गए और 1.59 लाख से अधिक कार्ड को नई योजना के तहत 10 साल के लिए मात्र 100 रुपये में रिवैलिडेट किया गया। इससे बुकिंग काउंटर्स पर भीड़ घटाने में मदद मिली। इसके अलावा 646 टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड भी बेचे गए। टिकट वेंडिंग मशीन से भी बड़ी संख्या में टिकट खरीदे गए।

सितंबर 2025 में स्मार्ट कार्ड बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया और इस दौरान 80,000 से अधिक स्मार्ट कार्ड बेचे गए, जबकि अगस्त में यह आंकड़ा 50,000 से अधिक था।

मेट्रो रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे भीड़ से बचने और समय की बचत के लिए आमर कोलकाता मेट्रो ऐप से टिकट बुक करें। साथ ही, स्मार्ट कार्ड और टूरिस्ट कार्ड का अधिकाधिक उपयोग करें ताकि बुकिंग काउंटर्स पर भीड़ कम हो और यात्रा और भी सुगम बन सके।

## बैंकाक में लहराया परचम



**कोलकाता :** जियोंग्स ताइक्कांडो अकादमी, कोलकाता ने 27 सितंबर, 2025 को बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित 13वीं रॉयल प्रिंसेस कप ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लिया। ग्रैंडमास्टर सेओंग कुक जियोंग (8वीं डैन ब्लैकबेल्ट) के नेतृत्व में भारत की टीम ने पूमसे, स्पीड किक में 1 रजत पदक और 3 कांस्य पदक जीते। इस वर्ष की शुरुआत में दक्षिण कोरिया के सेओंगनाम शहर में आयोजित 12वीं सेओंगनाम ओपन इंटरनेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद जियोंग्स ताइक्कांडो अकादमी की यह एक और बड़ी उपलब्धि है। इसमें भाग लेने वाले सदस्य ऋषिराज रक्षित और रयान बनर्जी थे। एशिया ताइक्कांडो महासंघ के अध्यक्ष किम सांग-जिन के साथ विजयी प्रतिभागी।

## ताराचंद दत्त स्ट्रीट में स्टुडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की काली पूजा का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य कोलकाता के ताराचंद दत्त स्ट्रीट में रविवार को काली पूजा की सफलता और संपन्नता के लिए भूमि और खूंटी पूजा की गई। यह आयोजन ताराचंद दत्त स्ट्रीट स्टुडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित होने वाली 56वीं काली पूजा का हिस्सा था। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल लखोटिया ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में ताराचंद दत्त स्ट्रीट की काली पूजा ने अपनी अच्छी ख्याति बनाई है। कार्यक्रम का विधिपूर्वक संचालन कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा और प्रधान सचिव सुरेश लखोटिया ने किया। इस अवसर पर रमेश लखोटिया, पार्षद रीता चौधरी, रामचंद्र बड़ोपोलिया, इरफान अली ताज, विक्रांत सिंह, जय गोविंद इंदौरिया, हरीश बड़ोपोलिया, दुलाल




मोइत्रा, राजगिरी सिंह और दीपक शाह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नरेश जैन, सुरेंद्र शर्मा, अशोक ओझा, सुभाष गोयनका, उमेश सिंह, बिमल झुनझुनवाला, गिरधारी साव, साहिद भाई, सुशील जैन, जगत शेखानी, संजीव शर्मा, अमित साह, प्रभात तिवारी, प्रमोद शर्मा, संदीप सोमानी, सोनू शर्मा, पप्पू शम्सी, संजीव राठी, रामेश्वर सिंह और कलाकार शैट्टी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# हावड़ा में दुर्गा पूजा कार्निवल का रंगारंग आयोजन

## 'रामकृष्ण स्वामीजी स्मृति संघ' को मिला बेस्ट प्रतिमा पुरस्कार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा आयोजित भव्य दुर्गा पूजा कार्निवल ने शहरवासियों का मन मोह लिया। यह आयोजन शनिवार दोपहर मध्य हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर हावड़ा शहर के कुल दस प्रमुख पूजा समितियों ने अपनी आकर्षक झांकियों और कलात्मक मूर्तियों के साथ भाग लिया।रेलवे संग्रहालय से मूर्तियों के साथ निकली रंग-बिरंगी झांकी गंगा तट के किनारे ग्रैंड फोरशोर रोड पर बने मुख्य मंच की



ओर बढ़ी। पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं ढाकी कलाकारों ने मंच के सामने पारंपरिक ढाक की थाप पर नृत्य करते हुए माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रसून बनर्जी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री अरूप राय, खेल राज्य मंत्री मनोज तिवारी, जिलाधिकारी पी. दीपप्रिया, हावड़ा शहर के पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। रंगारंग झांकी, रोशनी और संगीत ने पूरे इलाके को उत्सव के रंगों में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर रामकृष्ण स्वामीजी स्मृति संघ, रामकृष्णपुर घाट को 'बेस्ट प्रतिमा' का पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही यह सम्मान पूर्व पार्षद और तृणमूल नेता शैलेश राय द्वारा संघ के प्रतिनिधियों को ट्रॉफी देकर दिया गया। इस मौके पर 20 हजार का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर शैलेश राय ने कहा, इस तरह से ममता बनर्जी के राज्य में ही पूजा कमेटियों को प्रोत्साहित किया जा सकता है, अन्य राज्यों में नहीं। उन्होंने आगे जिले-जिले में पूजा कार्निवल आयोजित करने की अनुमति के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धन्यवाद किया। रामकृष्ण स्वामीजी स्मृति संघ के उपदेशक मंत्री अरूप राय, चेयरमैन सत्यब्रत सामंतो, अध्यक्ष रामरतन चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह और महेंद्र अग्रवाल, तथा सचिव पूर्व पार्षद शैलेश राय हैं। संगठन के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। वहीं, उलुबेड़िया में भी दुर्गा पूजा कार्निवल का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय क्लबों ने अपनी पारंपरिक झांकियों और थीम आधारित मूर्तियों के साथ भाग लेकर दर्शकों का मन जीता।

### मां दुर्गा विसर्जन के दौरान सियालदह-कल्याणी सीमांता लोकल ट्रेन सेवाओं में अस्थायी परिवर्तन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने 5 अक्टूबर 2025 को कल्याणी और कल्याणी सीमांता स्टेशन के बीच चलने वाली चार जोड़ी ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं को दोपहर 4 बजे से रात 8 बजे तक अस्थायी रूप से सीमित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सियालदह-कल्याणी सीमांता लोकल ट्रेनें 31329, 31331, 31333 और 31335 को कल्याणी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि कल्याणी सीमांता-सियालदह लोकल ट्रेनें 31328, 31330, 31332 और 31334 को कल्याणी स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।

### आईटीसी मंगलदीप ने सिंघी पार्क पंडाल में पेश किया अभिनव धुनो टनल

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी मंगलदीप ने कोलकाता के सिंघी पार्क पंडाल में परंपरा और तकनीक को जोड़ते हुए भक्तों के लिए धुनो टनल का अनूठा अनुभव पेश किया। यह सेंसर-आधारित टनल आगंतुकों की गतिविधियों को वर्चुअल नृत्य में बदल देती थी, जिससे भक्त धुनाची नाच की भावना के साथ मां दुर्गा को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते थे। टनल को नौ जीवन-आकार के मंगलदीप धुनो कप्स से सजाया गया, जिसने पूरे पंडाल में भक्ति और आस्था का माहौल बना दिया। आईटीसी के माचिस और अगरबत्ती डिवीजन के सीईओ रोहित डोगरा ने कहा, इस पहल ने परंपरा और नवाचार को साथ-साथ जोड़ते हुए हर भक्त को भक्ति का सच्चा अनुभव दिया। इस आयोजन से आईटीसी मंगलदीप ने अपनी प्रतिबद्धता को दोबारा साबित किया कि वह परंपरा और आधुनिक जीवन को सहजता से जोड़ सकता है।



**शनिवार को पश्चिम बंगाल सरकार के प्रयासों और दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन के प्रबंधन में एक भव्य दुर्गा पूजा कार्निवाल का आयोजन किया गया। यह विशेष समारोह बारुइ-पुर उड़ालपुल से शुरू होकर सोनार तोरी होते हुए पद्मपुकर तक आयोजित हुआ, जो दक्षिण 24 परगना के बारुइपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जादवपुर लोकसभा केंद्र का हिस्सा है। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया, जिससे शारदोत्सव को यादगार बनाया गया। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और धार्मिक उत्सव का माहौल देखने को मिला।**

### हावड़ा जिले में दुर्गा पूजा के दौरान हुई दो मौत, इलाके में फैली सनसनी

**हावड़ा, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के पावन पर्व के दौरान हावड़ा जिले के डोमजूर और उलुबेड़िया में दो अलग-अलग घटनाओं ने इलाके में सनसनी फैला दी। डोमजूर के बटतला इलाके में शुक्रवार रात एक हनुमान मंदिर की छत से 32 वर्षीय युवक कालू माझी का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों का दावा है कि युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में यह अनुमान लगाया गया है कि युवक के सिर के पीछे किसी भारी वस्तु से हमला किया गया हो सकता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस घटना में कौन शामिल था। पुलिस कालू के किसी से दुश्मनी की संभावना भी तलाश रही है और स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी जुटा रही है। उधर, उलुबेड़िया के जयपुर थाना क्षेत्र में एक 9 वर्षीय बालक शुभ्रदीप सामंत की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान जल में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शुभ्रदीप प्रतिमा विसर्जन के बाद गहनों और अन्य सामान को उठाने के लिए जल में उतरा था, लेकिन वह ठीक से तैर नहीं पा रहा था। साथी दो बच्चों ने सुरक्षित बाहर निकल लिया, लेकिन शुभ्रदीप डूब गया। तुरंत स्थानीय लोगों ने बचाने का प्रयास किया और बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने इलाके में शोक की लहर फैला दी है।

### विसर्जन के बाद मूर्ति के गहने लेने गया नाबालिग की पानी में डूबने से मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलूबेरिया के जयपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात मूर्ति विसर्जन के दौरान पानी में डूबकर नाबालिग लड़के की मौत हो गई। मृतक की पहचान शुभ्रोदीप सामंत (09) के रूप में की गई है। वह जयनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम एक स्थानीय क्लब का दुर्गा मूर्ति विसर्जन जुलूस निकला था। रात में इलाके के एक तालाब में मूर्ति का विसर्जन किया गया। शुभ्रोदीप उस जुलूस में था। मूर्ति को तैराने के बाद, सभी चले गए। हालांकि, शुभ्रोदीप और तीन अन्य लोग मूर्ति के गहने, हार और अन्य सामान निकालने के लिए पानी में गए। उनमें से दो उनके साथ ऊपर आ गए। लेकिन, शुभ्रोदीप डूब गया। इस घटना के बाद, शुभ्रोदीप के साथ पानी में गए दो लोग पड़ोस के बुजुर्गों को सूचित करने के लिए दौड़े। उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। लड़के को बचा लिया गया। उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मुख्यमंत्री ममता गुरुवार को खड़गपुर में बिरला के कारखाने का करेंगी उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आगामी 9 अक्टूबर (गुरुवार) को पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर स्थित विद्यासागर इंडस्ट्रियल पार्क में बिरला ओपस पेंट्स के नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर आदित्य बिरला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिरला और बिरला ओपस पेंट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रक्षित हरगावे भी उपस्थित रहेंगे। आधिकारियों के अनुसार, इस संयंत्र का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और अगले कुछ महीनों में इसका ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। इसके बाद, नए वर्ष की शुरुआत में इसका वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ होगा। करीब 1000 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जा रहा यह संयंत्र लगभग 2000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान



करेगा। यहां पानी और सॉल्वेंट आधारित सजावटी पेंट, लकड़ी के लिए फिनिशिंग उत्पाद और वॉलपेपर सहित कई प्रकार के उत्पाद बनाए जाएंगे। यह निवेश ग्रासिम इंडस्ट्रीज के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके निदेशक मंडल ने पेंट क्षेत्र में प्रवेश के लिए कुल 5000 करोड़ रुपये के पूंजीगत निवेश को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अनुसार, यह परियोजना न केवल रोजगार सृजन में सहायक होगी, बल्कि राज्य के औद्योगिक विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगी।

## खानाकुल में भाजपा समर्थकों पर तृणमूल नेता की पिटाई का आरोप

**हुगली, समाज्ञा**

जिले के खानाकुल में माड़ोखाना इलाके में तृणमूल कांग्रेस के अंचल उपाध्यक्ष बरुण मंडल की भाजपा समर्थकों ने कथित तौर पिटाई की है। घटना शुक्रवार की देर रात की है, जब बरुण मंडल बाजार से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में कथित तौर पर 8-10 लोगों ने उन्हें घेरकर लाठी, डंडे और घूंसे से हमला किया। तृणमूल नेताओं का आरोप है कि यह हमला भाजपा समर्थकों द्वारा किया गया। घटना के बाद बरुण मंडल को पहले खानाकुल ग्रामीण अस्पताल और बाद में आरामबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया। बरुण मंडल ने अपने ऊपर लगे महिला छेड़छाड़ के आरोपों को सिरे से नकार दिया। उनका कहना है कि राजनीतिक साजिश के तहत कुछ महिलाओं से झूठा बयान दिलवाया गया। दूसरी ओर, खानाकुल के भाजपा विधायक सुषांत घोष ने इन आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार किया। उन्होंने शनिवार को कहा कि शुक्रवार की शाम कुछ स्कूल छात्राएं केक खरीदकर लौट रही थीं। उसी दौरान बरुण मंडल और उनके समर्थक खाली मैदान के पास छात्राओं से छेड़छाड़ करने लगे। परिणामस्वरूप उन्हें जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा। इस पूरे प्रकरण को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। खानाकुल थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## कलिम्पोंग में 50 फीट गहरे खाई में गिरी गाड़ी, चार की मौत व तीन घायल

**सिलीगुड़ी :** दुर्गा उत्सव के समापन से ठीक पहले पहाड़ी इलाकों में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक कार अनियंत्रित होकर तीस्ता घाटी में गिर गई। कार चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार की रात कलिम्पोंग जिले के मेल्ली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हादसे में मृतकों में सिक्किम की तीन महिलाएं और कार का चालक शामिल हैं। तीनों मृतक महिलाएं कलिम्पोंग से तीन मील दूर बोजोझारी की निवासी हैं। उनके नाम समीरा सुब्बा (20), जानुका दोरजी (35) और नीता




गुरुंग (58) हैं। कार का चालक गंगटोक का रहने वाला था। उसका नाम कमल सुब्बा (44) है। हादसे में घायलों में सुनीता थापा, संदरिया राय और समीउल दोरजी शामिल हैं। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि एक कार उस रात राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पर सिक्किम से कलिम्पोंग लौट रही थी। मेलिट के किरने इलाके के पास कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। घटना का पता चलते ही स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कालिम्पोंग थाने के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंची। आपदा प्रबंधन दल और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर कार सवारों को काफी मशक्कत के बाद खाई से बाहर निकाला। हालांकि, 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। फिर, 3 घायलों को जल्दी से बचाकर सिक्किम के अस्पताल ले जाया गया। शनिवार की सुबह घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त कार को खाई से बरामद कर लिया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## हावड़ा में एक ही दिन में तीन जगहों पर लगी भीषण आग

**हावड़ा, समाज्ञा**

ज़िले में एक के बाद एक आग की घटनाओं ने लोगों में दहशत फैला दी है। शनिवार को डोमजुड़ के पाकुरिया बस स्टैंड के पास स्थित कचरे के ढेर में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल विभाग के प्राथमिक अनुमान के अनुसार, आग किसी रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण लग सकती है, हालांकि सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इसी समय, डोमजुड़ के राजापुर इलाके में स्थित एक थर्मोकॉल फैक्ट्री में भी आग लग गई। उस समय फैक्ट्री में बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और फैक्ट्री के अपने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग को जल्द ही बुझा लिया गया। दमकल विभाग का मानना है कि आग संभवतः शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। पूरे मामले की जांच जारी है। वहीं, शुक्रवार की देर रात हावड़ा के आंदुल के पांचपाड़ा निमतला इलाके में एक ई-बाइक शोरूम में आग लग गई।

सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। इस हादसे में शोरूम में रखी करीब 50 ई-बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गईं। अनुमान है कि इस अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2025 में 206 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने हिस्सा लिया

**कोलकाता :** मीशो की वार्षिक मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2025 संपन्न हो चुकी है। इस सेल में ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड्स की रिकॉर्ड प्रतिबद्धता दर्ज हुई। इस साल की सेल में देखने को मिला कि टेक्नॉलॉजी, किफायत और विश्वास किस प्रकार पूरे भारत में फेस्टिव कॉमर्स को आकार दे रहे हैं। दिल्ली से लेकर विशाखापट्नम तक के व्यवसायों ने दीवाली से पहले लाखों नए उत्पाद लॉन्च किए। सेल के दौरान मीशो के प्लेटफॉर्म पर 206 करोड़ ग्राहक आए। शॉपर्स ने 117 मिलियन से अधिक घंटे मीशो प्लेटफॉर्म पर बिताए। सेल के दौरान विक्रेताओं ने 4.6 करोड़ नए उत्पाद लॉन्च किए। प्लेटफॉर्म से 49,000 नए विक्रेता जुड़े। साल-दर-साल विक्रेताओं की प्रतिभागिता में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### अमेजन फ्रेश का भारत में 270 से अधिक शहरों में विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान अपने किराने और घरेलू उत्पाद सेवा प्लेटफॉर्म अमेजन फ्रेश को भारत के 270 से अधिक शहरों में विस्तारित करने की घोषणा की है। नए शामिल शहरों में पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर और आसनसोल के साथ-साथ उत्तर भारत में गोरखपुर, देहरादून और जलंधर, दक्षिण भारत में कोयंबटूर, नेल्लोर, हसन, कोडागु और अन्य शहर शामिल हैं। अमेजन फ्रेश इंडिया के निदेशक श्रीकांत श्रीराम ने कहा कि सिर्फ दो साल में सेवा की पहुंच 4.5 गुना बढ़ी है और उत्पाद चयन में 10 गुना वृद्धि हुई है। अमेजन फ्रेश का यह विस्तार ग्राहकों को ताजगी, बचत और सुविधा के साथ ऑनलाइन किराने की खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है, और किसानों और स्थानीय विक्रेताओं को सीधे नेटवर्क से जोड़ता है।

## पूजा समाप्त, अब डेंगू रोकथाम और सड़क मरम्मत पर जोर : मेयर फिरहाद हकीम

**कोलकाता :** दुर्गापूजा का समापन हो चुका है और बारिश भी अब थमने लगी है। इसी बीच डेंगू रोकथाम और सड़कों की मरम्मत को लेकर कोलकाता नगर निगम ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को मेयर फिरहाद हकीम बाजेकदमतला घाट का निरीक्षण करने पहुँचे और साफ-सफाई तथा गंगा प्रदूषण नियंत्रण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विसर्जन के समय गंगा किनारे डेंगू के फैलने की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए निगम पहले से सतर्क है।

मेयर ने बताया कि इस बार पूजा के दौरान लगातार बारिश होने के कारण सड़क मरम्मत कार्य बाधित हुआ था। लेकिन त्योहार खत्म होने के बाद भी यह काम जारी रहेगा और बारिश कम होते ही तेज गति से मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।



उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से चल रही है, मूर्तियों को पानी में डालते ही बाहर निकाल लिया जा रहा है और घाटों पर सफाईकर्मी लगातार काम कर रहे हैं।

डेंगू को लेकर मेयर ने स्पष्ट किया कि अब तक शहर में कोई बड़ा प्रकोप नहीं देखा गया है, फिर भी नगर निगम पूरी तैयारी कर रहा है। बारिश और पानी जमा होने की वजह से मंडपों और घरों में डेंगू मच्छरों के पनपने की संभावना बनी रहती है, इसलिए निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

## हावड़ा शिवपुर ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में चैतन्य देवियों की झांकी, नवरात्रि पर दिव्य अनुभव

**हावड़ा :** प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हावड़ा शिवपुर शाखा में प्रतिवर्ष कि तरह इस वर्ष भी चैतन्य देवीयो कि झांकि का आयोजन किया गया है। इस झांकि में कोई जड़ प्रतिमा नहीं, मिट्टी के निर्मित कोई मूर्ति नहीं बल्कि नियमित राजयोग मेडिटेशन अभियास करने वाली कुमारिया देवी स्वरूप में प्रकट हुई हैं। जिनके तन मन पूर्णरूप में स्थिर, एकाग्र, शांत नैन चैन पवित्रता, दिव्यता, से भरपूर और सदा प्रभु यादों में मग्न उनके दिव्यमुनी से स्पष्ट झलक रहा है। उनके साधना तपस्या अवर्णनीय है। यहां प्रवेश करते ही अनुभव होता है कि जैसे कोई आलोकिक जगत में प्रवेश किया। इन देवियों को दर्शन करते हुए शुद्ध सकारात्मक प्रकम्पन कि महसूस होता है। नो प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जिनका मुख्यालय माउन्ट आबु राजस्थान, एवं इनका हावड़ा



शाखा। जहां प्रतिदिन नियमितरूप से राजयोग सिखाया जाता है। और इस राजयोग अभ्यास द्वारा हमारी जीवन कैसे चिंताओ से मुक्त हो सकता है, सदा सकारात्मक विचारों से भरपूर हो सकता हैं। मन की शक्ति द्वारा हर परिस्थिति में शांत स्थित रह सकते हैं। मन को हर प्रकार कि नेगेटिव चिंताओं से स्वयं को कैसे कंटोल कर सकते हैं। स्वंय को आत्मविश्वास जाग्रत कर उसको कार्य में लगाकर किस तरह से जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, कैसे परामात्मा कि शक्ति स्वयं में भरपूर पहुंचाते हैं। एक ही बात नें अगर कहें तो जीवन जीने की मार्गदर्शन प्राप्त करात हैं। तो आईए हम सभी मिलकर परमात्मा से अपने मन कि तार जोड़कर, अतिरिक्त गुण और शक्ति को जाग्रत कर स्वपरिवर्तन करे और साथ साथ एक सुंदर विश्व की नव निर्माण करें। यही संकल्प नवरात्रि के पावन पर्व पर हम सभी मिलकर रहें।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान भद्रेश्वर में गंगा में डूबे दो युवक, तलाश जारी

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के मानकुंडू के शांतिनगर इलाके में शुक्रवार की रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो युवक गंगा नदी में डूब गए। डूबे हुए युवकों के नाम अरूप राय (36) और अंकुश दास (28) हैं। दोनों ही शांतिनगर के मुक्ति संघ क्लब से जुड़े हुए थे और क्लब की दुर्गा पूजा में सक्रिय सदस्य थे। जानकारी के अनुसार, एकादशी की शाम क्लब के सदस्य प्रतिमा विसर्जन के लिए भद्रेश्वर के श्रीमानी घाट पहुंचे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान अरूप और अंकुश गंगा में उतरे, लेकिन उस समय नदी में ज्वार चल रहा था और तेज़ धारा में दोनों बह गए। घाट पर मौजूद सुरक्षा कर्मी, स्थानीय लोग और पुलिस ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया। खबर मिलते ही भद्रेश्वर थाने से पुलिस



मौके पर पहुंची और शाम से देर रात तक तलाश जारी रही, लेकिन रात तक दोनों युवकों का कोई पता नहीं चल पाया। शनिवार की सुबह से ही दमकल और बचाव कर्मी गंगा में खोज अभियान चला रहे हैं। आसपास के घाटों पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है। दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन की घड़ी में घटित इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके में शोक का माहौल पैदा कर दिया है।

### कोलकाता की दिल की सेहत तय कर रही हैं जीवनशैली की आदतें

**कोलकाता :** डॉ. देबोप्रियो मंडल, एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजी), एफएससीएआई, एफएपीएसआईसी, सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मणिपाल अस्पताल, ई.एम. बाईपास, कोलकाता ने बताया: विश्व हृदय दिवस के मौके पर पश्चिम बंगाल के हृदय रोग विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बढ़ते हृदय रोगों के पीछे सबसे बड़ा कारण आनुवांशिकता नहीं बल्कि जीवनशैली है। कोलकाता में जहां लंबी ऑफिस ड्यूटी, देर रात की दिनचर्या और फास्ट फूड कल्चर आम हो चुका है, वहां दिल की बीमारियां पहले से कहीं कम उम्र में दिखाई देने लगी हैं। डॉक्टरों का कहना है कि शहर के लोगों को यह समझना होगा कि रोज़मर्रा की हर जीवनशैली की पसंद – चाहे वह खाने से जुड़ी हो या चलने-फिरने से – सीधे तौर पर उनके दिल के भविष्य को प्रभावित करती है।

## अलीपुर में सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में देर रात एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना अलीपुर थाना अंतर्गत अलीपुर रोड और बेल्वेडेयर रोड के चौराहे पर सत्यम टॉवर गेट के सामने शुक्रवार की रात देर रात लगभग 1 बजे हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक प्राइ-वेट बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। बताया गया है कि मोटरसाइकिल पर सवार वरुण दास अपनी पत्नी के साथ जा रहे थे। अचानक हुए हादसे में उनकी पत्नी चैती दास (28) जो हावड़ा जिले के जगाछा निवासी थीं, गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने



शनिवार की सुबह करीब 4 बजे पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोटरसाइकिल चालक वरुण दास (39) को भी गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल के रेड जोन ट्रॉमा केयर यूनिट में भर्ती कराया गया है। वे हावड़ा जिले के जगाछा निवासी थे। हादसे के समय दंपति का दो वर्षीय पुत्र भी मोटरसाइकिल पर था, जो सुरक्षित बच गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है, जबकि बस चालक फरार हो गया।

## दुर्गा पूजा कार्निवल : रोशनी, झांकियों और संस्कृति का अद्भुत संगम

**हुगली :** दुर्गा पूजा को यूनेस्को द्वारा हैरिटेज का दर्जा मिलने के बाद से पूरे राज्य भर में भव्य कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रीरामपुर स्थित महेश स्नान पीढ़ी मैदान से बटतला तक रंगारंग झांकियों के साथ शानदार शोभायात्रा निकाली गई।

इस शोभायात्रा में 17 पूजा समितियों ने भाग लिया। पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी ढाक बजाकर उत्सव को जीवंत बना दिया। पूरा श्रीरामपुर शहर रोशनी में नहा उठा और मार्गों पर उमड़ी भीड़ देखने लायक रही। कार्निवल आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया।

सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय, सांसद मिताली बाग, विधायक असीमा पात्र, जिलापरिषद



सभाधिपति रंजन धारा, विधायक अरिंदम गुईन, विधायक असित मजूमदार, जिलाधिकारी मुक्ता आर्या, चंदननगर पुलिस कमिश्नर अमित पी. जवालगी, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कमानाशिष सेन, सुप्रसिद्ध गायक नचिकेता, आर. राजकुमार समेत अनेक गणमान्य मंच पर मौजूद रहे और शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर एडीएम तरुण भट्टाचार्य, एडीएम अनुज प्रताप सिंह, डीसीपी श्रीरामपुर अर्णब विश्वास, डीसीपी हेडक्वार्टर इशानी पाल, डीसी अलकनंदा भवाल, एसडीओ श्रीरामपुर शंभूद्वीप सरकार, एसडीओ चुंचुड़ा स्मिता सान्याल शुक्ला, रिसड़ा नगरपालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, श्रीरामपुर नगरपालिका चेयरमैन गिरधारी साहा, रिसड़ा नगरपालिका के वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, बैद्यवाटी नगरपालिका चेयरमैन पिंटू महतो, श्रीरामपुर नगरपालिका सीआईसी संतोष सिंह, पिंटू नाग भी मौजूद रहे। कार्निवल शोभायात्रा में निकाली गई तरह-तरह की झांकियां लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी। इसके अलावा चंदननगर की बिजली चलीत लाइट का तिलिस्मी भी लोगों के दिलों को छू गया। भव्य झांकियों, बिजली चालित रोशनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजे इस कार्निवल में सामाजिक संदेश भी दिए गए जिनमें बाढ़ पीड़ितों की मदद, स्वच्छता अभियान, सेफ ड्राइव सेव लाइफ प्रमुख रहे। सांसद कल्याण बंधोपाध्याय इस वर्ष भी ढाक-ढोल और धुनुची की थाप पर नृत्य करते नजर आए। उन्होंने दर्शकों, पूजा समितियों और सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया। 2016 में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कोलकाता से शुरू किया गया कार्निवल अब श्रीरामपुर-महेश की ऐतिहासिक धरोहर का हिस्सा बन चुका है। 2024 से यहां इस परंपरा की शुरुआत हुई और 2025 में लगातार दूसरे वर्ष सफल आयोजन हुआ। पूरा कार्निवल चकाचौंध और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनकर शहर की ऐतिहासिक पहचान को और भी जीवंत कर गया। कार्निवल को सफल बनाने में चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के श्रीरामपुर थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती और पूरी पुलिस टीम का अद्भुतपूर्व योगदान रहा।

**न्यूज इन ब्रीफ**

### राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने मां विंध्यवासिनी के दर्शन किये

**मिर्जापुर (उप्र) :** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने मां विंध्यवासिनी देवी के दरबार में दर्शन-पूजन कर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। चंपत राय को दर्शन पूजन मिर्ज़ापुर नगर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक रत्नाकर मिश्र ने कराया। उन्होंने विंध्याचल आगमन पर राय को अंगवस्त्रम् पहनाकर उनका स्वागत किया। चंपत राय ने गर्भगृह के बाहर से ही मां का दर्शन किया।

### जयपुर में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जयपुर :** जयपुर के जामडोली इलाके में शुक्रवार शाम 34 वर्षीय एक महिला ने अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मृतका की पहचान ममता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ममता कथित तौर पर अपनी साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई। पुलिस ने बताया कि जब ममता ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला और परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ा तो वह फंदे पर लटकी मिली। ममता को एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्राथमिक जांच से पता चला है कि वह अपने पति के साथ अक्सर होने वाले झगड़ों के कारण अवसाद में थी।

### सोशल मीडिया पर भगवान शिव की आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित करने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया (उप्र) : सोशल मीडिया पर भगवान शिव की एक आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित करने के आरोप में उत्तर प्रदेश के बलिया में 28 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बलिया जिले में पकड़ी थाना क्षेत्र के मेउली गांव में रहने वाले संदीप गौतम उर्फ रंजन ने सोशल मीडिया पर 'जाटव जी बोली' आईडी का इस्तेमाल कर हिंदू देवता भगवान शिव की एक कथित आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित की थी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलिया में पेड़ गिरने से महिला की मौत, देवरिया में आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चे झुलसे

**बलिया/देवरिया (उप्र) :** बलिया जिले में तेज बारिश के कारण पेड़ गिरने से शनिवार को एक महिला की मौत हो गई, वहीं पड़ोसी देवरिया जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन बच्चे झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बलिया जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र के आकोली गांव में शनिवार को तेज बारिश के कारण पेड़ गिरने से दब कर फूल कुमारी (50) की मौत हो गई। पेड़ महिला के घर के समीप ही स्थित था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, देवरिया जिले के भाटपाररानी थाना क्षेत्र के खरहरी गांव में शनिवार को सुबह लगभग 10 बजे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन बच्चे घायल हो गए।

### झारखंड के देवघर में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**देवघर (झारखंड) :** झारखंड के देवघर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर 55 वर्षीय एक व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पीड़ित वकील ठाकुर रिखिया थाना क्षेत्र के मलहरा गांव का निवासी थे। देवघर के एसडीओ रवि कुमार ने कहा, ''मलहरा गांव में मेले के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए थे और अपराह्न करीब ढाई बजे मेला मैदान में आकाशीय बिजली गिरी गई जिसकी चपेट में आकर ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई।'' शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर के सदर अस्पताल ले जाया गया।

## लोकतंत्र की आधारशिला हैं दल, पारदर्शिता के साथ निभाएं चुनावी प्रक्रिया में भूमिका : निर्वाचन आयोग




**पटना :** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनके सुझाव और अपेक्षाओं पर चर्चा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी भी उपस्थित थे। यह जानकारी आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दी। आयोग ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे लोकतंत्र की आधारशिला होने के नाते पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया में हर कदम पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और चुनाव के पर्व को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने के साथ मतदाताओं का सम्मान करें। आयोग ने दलों को याद दिलाया कि चुनाव की पारदर्शिता का अनुभव कराने के लिए वे प्रत्येक बूथ पर अपने पोलिंग एजेंटों की नियुक्ति करना न भूलें। उसने हाल में मतदाता सूची में सुधार के लिए चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को ऐतिहासिक, पारदर्शी और ठोस कदम बताते हुए दलों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार जताया।

### चुनाव के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहनों की भुगतान दरें तय

परिवहन विभाग ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी कार्यों में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की भुगतान दरें तय कीं। परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी श्रेणियों के वाहनों के लिए प्रतिदिन ईंधन रहित दर पर भुगतान किया जाएगा। यदि वाहन केवल आधे दिन के लिए उपयोग होता है, तो निर्धारित राशि का आधा भुगतान किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि 50 सीट वाली बस के लिए प्रतिदिन 3500 रुपए, जबकि इनोवा क्रिस्टा (एसी) जैसी प्रीमियम गाड़ियों के लिए 3,000 रुपए तय किया गया है। साधारण कार के लिए 1,000 रुपए और मोटरसाइकिल के लिए 350 रुपए की दर निर्धारित की गई है जबकि ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा को 700 रुपए प्रतिदिन मिलेंगे।

## भाजपा घोषणा पत्र के लिए 'सुझाव अभियान' रविवार से शुरू करेगी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि वह जनता से सुझाव लेकर अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी। इस संबंध में पार्टी का 'सुझाव अभियान' पांच अक्टूबर से लेकर 20 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। भाजपा की घोषणा पत्र समिति के सदस्य एवं मंत्री प्रेम कुमार ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अगले पांच वर्षों में हमें क्या करना है, उसकी तैयारी की जा रही है। भाजपा ने निश्चय किया है कि घोषणा पत्र जारी करने से पूर्व पूरे प्रदेश में एक करोड़ से अधिक लोगों से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे।'' उन्होंने बताया कि इसके लिए पार्टी की ओर से 243 विधानसभा क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर 3,000 से अधिक सुझाव पेटियां रखी जाएंगी, जिनमें लोग अपने सुझाव डाल सकेंगे। इसके अलावा फोन पर मिस्ड कॉल, ईमेल और व्हाट्सऐप नंबरों के माध्यम से भी सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। कुमार ने कहा कि रविवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा रथों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जो विभिन्न जिलों में जाकर सुझाव एकत्रित करेंगे।

## अलीगढ़ में व्यापारी अभिषेक गुप्ता की हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ पुलिस ने व्यवसायी अभिषेक गुप्ता की हत्या के मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, व्यापारी की हत्या में शामिल कथित शूटर आसिफ को शुक्रवार रात अलीगढ़-एटा राजमार्ग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने कथित तौर पर 26 सितंबर की रात को अभिषेक पर गोलियां चलाई थीं। पुलिस ने आसिफ के पास से एक अवैध बंदूक और लगभग 12,000 रुपये बरामद किए। उसका पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड होने की पुलिस ने पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी आसिफ ने घटनाक्रम का विस्तृत विवरण दिया है, जो 30 सितंबर को पकड़े गए पहले शूटर मोहम्मद फजल द्वारा दिए गए बयान से पूरी तरह मेल खाता है। पुलिस अधीक्षक (नगर) मृगांक शेखर पाठक ने कहा, ''दोनों गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया है कि मुख्य साजिशकर्ता पूजा शकुन पांडे और उसके पति अशोक पांडे के कहने पर सुपारी लेकर हत्या की गई थी।'' पुलिस अधिकारी के अनुसार, दोनों भाड़े के हत्यारे पांडे के घर नियमित रूप से आते-जाते थे। पुलिस का कहना है कि यह हत्या गुप्ता और आरोपी दंपति के बीच हुए आर्थिक विवाद का नतीजा थी।

### वाराणसी में लाउडस्पीकर पर 'हनुमान चालीसा' बजाने पर पुजारी को धमकी, दो आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी के मदनपुरा इलाके में लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाने पर एक मंदिर के पुजारी को धमकाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुजारी संजय प्रजापति ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को हनुमान मंदिर में पूजा करने के बाद, उन्होंने टेप रिकॉर्डर पर भक्ति गीत चलाए, तभी अब्दुल नासिर और उसका बेटा वहां आए और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने लाउडस्पीकर बंद करने को कहा और चेतावनी दी कि अगर दोबारा भक्ति गीत बजाया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## बिहार में राजग की 'रिकॉर्ड तोड़ जीत' होगी : शिवराज सिंह चौहान



**पटना :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की ''अभूतपूर्व और शानदार'' विकास पहलों की बदौलत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार विधानसभा चुनाव में ''रिकॉर्ड तोड़ बहुमत'' हासिल करेगा। पत्रकारों से बात करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए 62,000 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी है, जिसमें पूर्वी भारत खासकर बिहार पर विशेष ध्यान दिया गया है। चौहान ने कहा, ''मैं बिहार पहुंचा तो देखा कि जोरदार बारिश हो रही है। दूसरी तरफ बिहार पर प्रधानमंत्री की सौगातों की भी बारिश हुई। वह सौगातें अभूतपूर्व और शानदार हैं।'' कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे चौहान ने कहा, ''प्रधानमंत्री और (मुख्यमंत्री) नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार में विकास की गंगा बही है, जो पूरी दुनिया के सामने उदाहरण बन चुकी है।'' उन्होंने बताया कि वह यहां ''मखाना महोत्सव'' में शामिल होने आए हैं। चौहान ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने मखाना बोर्ड की स्थापना कर बिहार के इस प्रसिद्ध उत्पाद को बढ़ावा दिया है। इस तरफ के आयोजन निवेश और रोजगार सृजन के अवसर लाते हैं। हम बीज विकसित कर रहे हैं, जिससे उथले जलाशयों में भी मखाना की खेती संभव हो सके। इससे किसानों को बड़ी सुविधा मिलेगी। हम पैकेजिंग और ब्रांडिंग में भी मदद कर रहे हैं।

## पटना में भारी बारिश से मीठापुर पुल से सटे मार्ग पर धंसी सड़क



**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार रात हुई भारी बारिश के बाद मीठापुर पुल से सटी सड़का का एक हिस्सा धंस गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने शनिवार दोपहर मौका मुआयना किया और बताया कि पुल की मुख्य संरचना पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, ''पुल में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। पुल से सटी सड़क के नीचे जो नजदीकी 'सम्प हाउस' से जुड़ा नाला है, उसमें क्षति आई है।'' मंत्री ने बताया कि सर्विस लेन के नीचे बना यह नाला समय के साथ कमजोर हो गया था और इसी प्रकार की समस्या छह महीने पहले भी सामने आई थी। नवीन ने कहा, ''खंभे में थोड़ा बहुत डिजाइन संबंधी अंतर जरूर है, लेकिन कोई संरचनात्मक क्षति नहीं हुई है। एहतियातन हमने फिलहाल पुल पर यातायात रोक दिया है और धंसे हुए हिस्से को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है।''

## यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे को पुलिस ने बरेली जाने से रोका



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे को शनिवार को पुलिसकर्मियों ने बरेली जाने से रोक दिया। खुद पांडे ने यह जानकारी दी। पांडे ने कहा कि वह जैसे ही वह बरेली जाने के लिए अपने निजी वाहन की ओर बढ़े, लखनऊ स्थित उनके आवास के बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें जाने से रोक लिया। समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों माता प्रसाद पांडेय, लोकसभा सदस्य हरेंद्र मलिक, इकरा हसन, जियाउर्रहमान बर्क, मोहिबुल्लाह नदवी और नीरज मौर्य, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, प्रवीण सिंह ऐरन और शिवचरण कश्यप, विधायक अताउर्रहमान और शहजिल इस्लाम अंसारी, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, सपा नेता शमीम खान सुल्तानी और शुभलेश यादव को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया। चौधरी ने इसे निंदनीय और शर्मनाक कृत्य करार दिया।

## उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में बालिकाओं के लिए 'आत्म रक्षा कार्यशाला' आयोजित



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 90 दिवसीय विशेष अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग ने अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3-11 अक्टूबर 2025) के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में 'आत्म रक्षा कार्यशाला' का आयोजन किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जारी 'मिशन शक्ति-पांच' अभियान से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा मिल रही है। कार्यशाला में बताया गया कि यदि कोई बालिका या महिला किसी प्रतिकूल स्थिति का सामना करे, तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए और सरकारी व सामाजिक सहायता तंत्र का उपयोग करना चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत यह अभियान बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। जौहरी ने कहा कि 'आत्म रक्षा कार्यशाला' से जुड़ी जानकारी हर लड़की के लिए उतनी ही जरूरी है, जितनी शिक्षा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल बालिकाओं की व्यक्तिगत सुरक्षा को बढ़ाएगी, बल्कि पूरे प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित और समावेशी माहौल के निर्माण को गति देगी। अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के सभी जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं और समूह सत्रों में बालिकाओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूलों में आयोजित विशेष सत्रों में विशेषज्ञों ने छात्राओं को सिखाया कि विभिन्न सामाजिक और व्यक्तिगत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें।

## केवल फाइलों तक सीमित न रहें वरिष्ठ अधिकारी, धरातल पर परियोजनाओं की प्रगति देखें : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर उतरकर परियोजनाओं की प्रगति भी देखें। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के अवस्थापना और शहरी विकास कार्यों को नए स्तर पर ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी केवल कागजों तक सीमित न रहकर विकास परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति को देखें और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत कार्यों को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरण 'मास्टर प्लान' बनाते समय चयन प्रक्रिया को वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाएं, ताकि योजनाएं व्यावहारिक रूप से धरातल पर उतर सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अल्पावधि, मध्यावधि और दीर्घकालिक योजनाएं बनाकर विकास परियोजनाओं को समग्रता के साथ आगे बढ़ाया जाए। बयान के अनुसार, योगी ने कहा कि मेरठ, कानपुर एवं मथुरा-वृंदावन के समग्र विकास हेतु 1,833 करोड़ रुपये की लागत से 38 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं जिनमें मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा-वृंदावन में 14 परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि हर प्रस्ताव को स्थानीय स्तर पर सर्वेक्षण और अध्ययन के बाद ही अंतिम रूप दिया जाए, ताकि योजनाएं क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप हों और जनता को वास्तविक लाभ मिल सके।

### मुख्यमंत्री योगी ने तालाब, चेकडैम के निर्माण व जीर्णोद्धार को जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जल संकट को सामूहिक चिंता का विषय बताते हुए तालाब और चेक डैम के निर्माण एवं जीर्णोद्धार को जन आंदोलन में तब्दील करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेक डैम और तालाब वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। उन्होंने कहा कि चेक डैम और तालाब केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल प्रबंधन है, जो बड़े बांधों की तुलना में काफी किफायती है। आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और 'ब्लास्टकूप' का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं।

### पद्म विभूषण छन्नूलाल मिश्रा के निधन पर मिर्जापुर में शोक सभा

**मिर्जापुर (उप्र) :** भारतीय शास्त्रीय गायक पद्म विभूषण छन्नूलाल मिश्रा के निधन पर शनिवार को मिर्जापुर के बूढ़ेनाथ मंदिर में शोक सभा आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर मंदिर के महंत योगानंद गिरि ने कहा कि संगीतज्ञ पिता पं. बद्री प्रसाद मिश्रा के घर जन्मे छन्नूलाल ने तीन वर्ष की आयु में अपने पिता से संगीत सीखना शुरू किया। फिर नौ वर्ष की आयु में वह वाराणसी चले गए और किराना घराने के उस्ताद अब्दुल गनी खां से संगीत की बारीकियां सीखीं। पद्मश्री से सम्मानित कजरी गायिका उर्मिला श्रीवास्तव ने कहा कि छन्नूलाल जी किराना और बनारस घराने के प्रतिनिधि थे और इसके लिए उन्होंने वाराणसी को अपनी कर्मभूमि बनाया, हालांकि उनका जन्म आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव में हुआ था। उन्होंने कहा, ''छन्नूलाल जी के निधन से पूरा मिर्ज़ापुर दुखी है।'' हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दिग्गज संगीतकारों में से एक, पंडित छन्नूलाल मिश्रा का दो अक्टूबर को मिर्जापुर में निधन हो गया था। वह 89 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में हुआ।

### झारखंड में जंगली हाथियों के संरक्षण के लिए 'हाफ मैराथन' का आयोजन

**जमशेदपुर :** झारखंड में पहली बार जंगली हाथियों के संरक्षण के उद्देश्य से राज्य सरकार रविवार को सरायकेला-खरसावां जिले के दलमा में 16 किलोमीटर की 'हाफ मैराथन' आयोजित करेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दलमा वन्यजीव अभयारण्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ हाथियों के प्रवास गलियारे और आवास स्थल के रूप में भी जाना जाता है। दलमा वन्यजीव अभयारण्य की देखरेख करने वाले जमशेदपुर के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) सबा आलम अंसारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार तक करीब 3,200 प्रतिभागियों ने 'हाफ मैराथन' के लिए पंजीकरण कराया है। चांडिल अनुमंडल के शहरबेड़ा में ''प्रोजेक्ट एलीफेंट'' के तहत 'रन फॉर गजराज' का आयोजन किया जाएगा। डीएफओ ने कहा, ''इस कार्यक्रम का उद्देश्य जंगली जानवरों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए जागरूकता पैदा करना है। इस मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग में पहले स्थान पर रहने वाले को 31 हजार रुपये नकद दिए जाएंगे। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वालों को क्रमश: 21 हजार और 11 हजार रुपये तथा चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पांच-पांच हजार रुपये दिए जाएंगे।''

### बच्ची से दुष्कर्म के दोषी ई-रिक्शा चालक को उम्रकैद की सजा

**श्रावस्ती (उप्र) :** श्रावस्ती की विशेष पॉक्सो अदालत ने सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा तीन लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को बताया कि नौ मई 2025 की शाम इकौना थानान्तर्गत एक गांव में समारोह था, जहां गांव निवासी सात वर्षीय बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी बीच ई-रिक्शा चालक अलाउद्दीन बच्चों के बीच पहुंचा और बहला फुसलाकर सात वर्षीय बच्ची को अपने ई-रिक्शा पर बिठाकर सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों ने तलाश शुरू की तो घर से काफी दूर खून से लथपथ बच्ची रोते हुए मिली। बच्ची के परिजनों ने इकौना थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। सरकारी वकील ने बताया कि शुक्रवार को श्रावस्ती के अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) निर्दोष कुमार ने आरोपी अलाउद्दीन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा तीन लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। आदेश के अनुसार, जुर्माना ना अदा करने पर उसे नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सिंह ने बताया कि वर्ष 2011 में छह वर्षीय बच्ची के साथ हुए कथित दुष्कर्म और हत्या के जुर्म में भी अलाउद्दीन को एक स्थानीय अदालत ने 2016 में फांसी की सजा सुनाई थी जिसकी उच्च न्यायालय ने भी पुष्टि की थी। उन्होंने बताया कि बाद में मानवाधिकार के लिए काम करने वाले एक एनजीओ ने उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की। सिंह ने बताया कि थाने से अदालत को सूचना पहुंचाने में देरी के तकनीकी आधार पर उच्चतम न्यायालय ने तब अलाउद्दीन को बरी कर दिया था।

### भारी बारिश के कारण बलिया-छपरा रेलखंड पर रेल यातायात बाधित

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण बलिया-छपरा रेलखंड पर मिट्टी के कटाव के चलते रेल यातायात बाधित हो गया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। जीआरपी थाना प्रभारी विवेकानंद यादव ने आज बताया कि पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण सहतवार और बांसडीह रेलवे स्टेशनों के बीच और रेवती व दल छपरा के बीच रेलवे लाइन पर एक पेड़ गिर गया था। गिरे हुए पेड़ को हटाने के बाद रेल यातायात बहाल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बकुल्हा और मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच और दल छपरा में भी रेलवे ट्रैक पर मिट्टी का कटाव हुआ है। उन्होंने बताया कि बलिया-छपरा रेलखंड पर शनिवार सुबह से रेल यातायात बाधित है। घटना की सूचना मिलने पर मंडल रेल प्रबंधक और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि वाराणसी मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेल खंडों पर भारी बारिश और जलभराव के कारण रेल परिचालन बाधित हुआ है। उन्होंने बताया कि मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को जनसंवाद प्रणाली के माध्यम से स्थिति की लगातार जानकारी दी जा रही है और रेल यात्रियों को खाने-पीने की चीजें वितरित की जा रही हैं।

## उदयपुर जिले में पुलिस ने 411 बदमाशों को गिरफ्तार किया



**जयपुर :** उदयपुर में पुलिस ने शनिवार सुबह विशेष अभियान में 411 अपराधियों/आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि इसके तहत जिले भर में 907 से अधिक स्थानों पर दबिश दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड़ था। प्रवक्ता के अनुसार, उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव तथा जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में 107 से अधिक टीमों का गठन कर करीब 477 से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने सबसे पहले स्थायी और गिरफ्तारी वारंटों में वांछित अपराधियों पर शिकंजा कसा। इस कार्रवाई में कुल 50 स्थायी वारंट और 16 गिरफ्तारी वारंट का निस्तारण किया गया। इसके अलावा जघन्य अपराधों में वांछित 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 280 अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की, जिन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 170, 172 और 129 के तहत पाबंद किया गया। साथ ही सामान्य प्रकरणों में वांछित 11 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया।

# मोदी ने की नीतीश सरकार की सराहना, कहा: कुछ लोग कर्पूरी ठाकुर का जननायक सम्मान 'चुराने की कोशिश में'

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व शासन के दौरान 'तबाह हुई शिक्षा की स्थिति' को राज्य से बड़े पैमाने पर पलायन का एक प्रमुख कारण बताया और हालात में सुधार लाने एवं राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की शनिवार को सराहना की। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी ने बिहार के लिए कई परियोजनाओं समेत युवा केंद्रित शिक्षा एवं कौशल विकास पहलों के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी परोक्ष निशाना साधा जिन्हें कांग्रेस के सदस्य अक्सर 'जननायक' कहते हैं। जननायक शब्द का इस्तेमाल ओबीसी (अन्य



पिछड़ा वर्ग) नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के लिए किया जाता रहा है। मोदी ने गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोगों द्वारा ठाकुर से जुड़े सम्मान को ''चुराने'' के प्रयासों के प्रति बिहार के लोगों को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ठाकुर को जननायक की उपाधि 'सोशल मीडिया ट्रोल' ने नहीं दी बल्कि यह उनके प्रति लोगों के प्रेम का प्रतीक है। मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दिवंगत ओबीसी नेता को पिछले साल भारत रत्न से सम्मानित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार पर विशेष जोर देते हुए 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का शनिवार को अनावरण किया। मोदी ने मुख्यमंत्री कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार सरकार ने राज्य के विकास के लिए नए संकल्प लिए हैं और पिछले 20 साल की तुलना में अगले पांच वर्ष में रोजगार पाने वाले लोगों की संख्या को दोगुना करने का निर्णय लिया है। राज्य में जारी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पलायन के मुद्दे के जोर पकड़ने के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिहार के युवाओं को राज्य में ही रोजगार मिले। मोदी ने कहा कि जिस पेड़ की जड़ें सड़ चुकी हों, उसे पुनर्जीवित करना एक कठिन काम है और उन्होंने ''विपक्ष के कुशासन के दौरान बिहार की स्थिति'' की तुलना ऐसे ही एक पेड़ से की। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से बिहार के लोगों ने कुमार को शासन की जिम्मेदारी सौंपी और ''गठबंधन सरकार की पूरी टीम ने पटरी से उतरी व्यवस्था को बहाल करने के लिए सामूहिक रूप से काम किया।''

## प्रधानमंत्री मोदी, उनके ब्रिटिश समकक्ष स्टार्मर नौ अक्टूबर को मुंबई में व्यापक वार्ता करेंगे

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर अगले सप्ताह भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे। पिछले वर्ष जुलाई में पदभार संभालने के बाद भारत की उनकी यह पहली यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि स्टार्मर की 8 से 9 अक्टूबर तक की यह यात्रा दोनों देशों के बीच साझेदारी प्रगाढ़ करने के साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। स्टार्मर 9 अक्टूबर को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की यह यात्रा, दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के ढाई महीने बाद हो रही है। इस समझौते से बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, टैरिफ में कटौती होगी और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों प्रधानमंत्री अपनी वार्ता में 'विजन 2035' के अनुरूप भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विविध पहलुओं में प्रगति का जायजा लेंगे, जो संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए कार्यक्रमों और पहल की 10 वर्षीय रुपरेखा है। मंत्रालय ने कहा कि दोनों प्रधानमंत्री क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। मुंबई में, मोदी और स्टार्मर 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' के छठे संस्करण में भी शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मणिपुर के तीन जिलों से 10 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले कुछ दिनों में अलग-अलग अभियानों के दौरान विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अर्धसैनिक बल ने शनिवार को बताया कि चुराचंदपुर जिले के जंगलों से असम राइफल्स के जवानों ने एक प्रतिबंधित संगठन के एक ''वरिष्ठ कमांडर'' और पांच अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। बल ने बताया कि इन उग्रवादियों को एक अक्टूबर को एक अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। बल ने एक बयान में कहा, ''असम राइफल्स ने एक अक्टूबर को जंगल में 'ऑपरेशन सोंगकोट' नामक एक साहसिक अभियान चलाकर 'यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी' (यूकेएनए) के वरिष्ठ कमांडर एस एस लेफ्टिनेंट जामखोगिन गुइटे लुफो उर्फ पेप्सी को गिरफ्तार कर लिया।'' बयान में बताया गया कि अभियान के दौरान पांच अन्य उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है, ''इस सफल अभियान ने चुराचांदपुर और जिरीबाम में यूकेएनए के नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए असम राइफल्स की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।'' मणिपुर के अधिकारियों ने कहा कि यूकेएनए कमांडर जनवरी 2024 में बिष्णुपुर जिले में एक पिता और पुत्र सहित मेइती समुदाय के चार सदस्यों की हत्या में कथित रूप से शामिल था। इस बीच, पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया।

### जम्मू-कश्मीर : एनआईए अदालत ने वांछित आतंकवादी को भगोड़ा घोषित करने के लिए नोटिस जारी किया

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने विभिन्न आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहे एक वांछित आतंकवादी को भगोड़ा घोषित करने के लिए नोटिस जारी किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुतलहामा निवासी जाकिर अहमद गनी गैरकानूनी और आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहा है तथा वह विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13, 16, 18बी, 20 और 38 के संबंधित प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले में वांछित है। उन्होंने कहा कि विशेष न्यायाधीश अदालत (एनआईए अधिनियम के तहत नामित अदालत), कुलगाम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 84 के तहत यह नोटिस जारी किया है। अदालत ने गनी को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। यदि वह ऐसा नहीं करता, तो कानून के तहत अग्रिम कार्रवाई शुरू की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि अदालत गनी के खिलाफ पहले ही एक गैर-जमानती वारंट जारी कर चुकी है। अदालत के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गनी के घर और गांव के अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा कर दिया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचे और कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### त्रिपुरा के निरुद्ध केंद्र से 10 बांग्लादेशी घुसपैठिए फरार

**अगरतला :** त्रिपुरा में अगरतला के निकट एक निरुद्ध केंद्र से 10 बांग्लादेशी घुसपैठियों के भागने के बाद बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठियों को पश्चिम त्रिपुरा जिले के नरसिंहगढ़ स्थित एक निरुद्ध केंद्र में रखा गया था। पुलिस के प्रवक्ता राजदीप देब ने कहा, एक नाबालिग सहित सभी 10 बांग्लादेशी नागरिक 29 सितंबर को भाग निकले। प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब उन्हें बांग्लादेश भेजने की योजना बनाई जा रही थी। उन्होंने कहा, मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार घुसपैठियों को पकड़ने के लिए तलाश जारी है। निरुद्ध केंद्र के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उत्तरी त्रिपुरा के धर्मनगर की एक जेल से एक अक्टूबर को छह कैदी फरार हो गए थे। बाद में उनमें से दो को पकड़ लिया गया।

## हथियारों के बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देंगे सुरक्षा बल : अमित शाह

**जगदलपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को माओवादियों से किसी भी तरह से बातचीत की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि वे आत्मसमर्पण करें और बस्तर के विकास में सहभागी बनें। शाह ने जगदलपुर के लालबाग परेड मैदान में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव, 2025 और 'स्वदेशी मेला' के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक बार फिर 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को दोहराया। गृह मंत्री ने कहा कि हथियारों के बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को सुरक्षा बल मुंहतोड़ जवाब देंगे। शाह ने बस्तर क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं सभी आदिवासी भाइयों बहनों को कहना चाहता हूं कि आपके ग्राम के युवाओं को हथियार डालने के लिए समझाइए। वह हथियार डाल दें, मुख्यधारा में आएं तथा बस्तर के विकास में सहभागी बनें।'' उन्होंने कहा, ''कुछ लोग वार्ता की बात करते हैं, मैं फिर से एक बार स्पष्ट कर देता हूं, हमारी दोनों सरकारें - छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार - बस्तर और नक्सल प्रभावित हर क्षेत्र के विकास को समर्पित है, किस चीज की वार्ता करनी है, बहुत मोहक आत्मसमर्पण नीति हमने बनाई है, आइए हथियार डाल दीजिए। हथियार के बल पर बस्तर की शांति को अगर आपने छिन्न-भिन्न करने का काम किया तो हमारे सशस्त्र बल इसका जवाब देंगे। 31 मार्च 2026 की तिथि नक्सलवाद को इस देश की भूमि पर से विदाई देने के लिए तय है।'' केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सल-




वाद को बस्तर के विकास के लिए सबसे बड़ा रोड़ा बताया और विश्वास जताया कि अगले वर्ष तक यह समस्या समाप्त हो जाएगी। शाह ने कहा, ''आज सुबह मैंने दंतेश्वरी माई का दर्शन और पूजन किया। मां के चरणों में प्रार्थना की है कि 31 मार्च, 2026 को पूरे बस्तर क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त करने की हमारी सुरक्षा बलों को शक्ति दे।'' उन्होंने कहा, ''दिल्ली में कुछ लोगों ने वर्षों तक भ्रांति फैलाई कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई है, पर मैं आदिवासी भाइयों को बताने आया हूं कि पूरा बस्तर विकास से महरूम रहा, विकास आप तक नहीं पहुंचा है इसका मूल कारण नक्सलवाद है। आज देश के हर गांव में बिजली, पीने का पानी, रोड, हर घर में शौचालय, पांच लाख तक का स्वास्थ्य का बीमा, पांच किलो मुफ्त चावल और आपके धान को 3100 रूपए (प्रति क्विंटल) तक पहुंचाने की व्यवस्था हुई है। लेकिन बस्तर इसमें पीछे रह गया है।'' शाह ने कहा, ''मैं आज (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी की ओर से आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि 31 मार्च 2026 के बाद नक्सलवादी आपके विकास को नहीं रोक पाएंगे। आपके अधिकार को नहीं रोक पाएंगे। काफी कुछ काम हुआ है काफी कुछ काम बाकी है।'' उन्होंने कहा, ''मैं आप सभी से अपील करने भी आया हूं कि जो बच्चे गुमराह होकर नक्सलवाद से जुड़े हैं, आप ही के गांव के हैं, उनको समझाइए कि शस्त्र डाल दें और मुख्य धारा में आ जाएं। छत्तीसगढ़ शासन ने भारत में सबसे अच्छी आत्मसमर्पण नीति बनाई है। एक ही माह में 500 से ज्यादा लोगों ने हथियार डाले हैं। सभी लोग हथियार डालें। आपका गांव नक्सली मुक्त होते ही गांव के विकास के लिए एक करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ शासन आपको देगा। नक्सलवाद से किसी का भला नहीं होगा।'' शाह ने इस दौरान सभी से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का अनुरोध करते हुए कहा, ''आज यहां पर स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी मेला भी लगाया है। हमारे प्रधानमंत्री ने भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर बल दिया है। स्वदेशी जागरण मंच अनेक सालों से स्वदेशी का जन आंदोलन चला रहा है। अब मोदी जी ने सभी को कहा है, हर घर में संकल्प लेना है कि मेरे घर में देश में बनी हुई चीजों का ही उपयोग होगा।''

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत 6.5 करोड़ महिलाओं की जांच की गई : नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत देश भर में लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविरों में 6.5 करोड़ महिलाओं की जांच की गई है। नड्डा ने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 17 सितंबर को शुरू किया गया दो सप्ताह का स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान दो अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस दौरान देश भर



में आयोजित लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविरों में 6 करोड़ 50 लाख महिलाओं की जांच की गई।'' उन्होंने कहा, ''यह असाधारण उपलब्धि महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखने के राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को दर्शाती है।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, सराहनीय प्रयास! उन सभी को बधाई जिन्होंने जमीनी स्तर पर काम करके इसे इतना प्रभावशाली और हमारी नारी शक्ति के लिए लाभकारी बनाया है। यह जीवन को बेहतर बनाने के लिए जनभागीदारी का एक बेहतरीन उदाहरण है।

## दिग्गज अभिनेत्री संध्या शांताराम का निधन

**मुंबई :** महान फिल्मकार वी शांताराम की पत्नी एवं दिग्गज अभिनेत्री संध्या शांताराम का निधन हो गया है। वह 94 वर्ष की थीं और वृद्धावस्था के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पीड़ित थीं। उनके परिवार ने शनिवार को यह जानकारी दी। संध्या लोकप्रिय फिल्मकार की तीसरी पत्नी थीं। संध्या ने 'दो आंखें बारह हाथ' (1957), 'नवरंग' (1959), 'झनक झनक पायल बाजे' (1955), और 'पिंजरा' (1972) जैसी फिल्मों में अहम भूमिका के जरिये अपनी विशेष पहचान बनाई। वी. शांताराम की दूसरी पत्नी जयश्री के बेटे किरण शांताराम ने बताया कि दिग्गज अभिनेत्री ने शुक्रवार रात अंतिम सांस ली। किरण शांताराम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' कल रात 10 बजे राजकमल स्टूडियो में उनका निधन



हो गया, जहां वह रह रही थीं। वह पिछले चार-पांच वर्षों से बीमार थीं और हाल ही में उन्हें बुखार और खांसी की शिकायत थी।'' उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौत के बीच उत्तराखंड में मेडिकल स्टोर, अस्पतालों में छापेमारी

**देहरादून :** मध्य प्रदेश और राजस्थान में दूषित कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की खबरों के बीच उत्तराखंड सरकार ने शनिवार को प्रदेशभर में मेडिकल स्टोरों तथा थोक औषधि विक्रेताओं पर छापेमारी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल स्टोरों, थोक दवा विक्रेताओं और अस्पतालों की औषधि दुकानों पर छापेमारी कर रही हैं। बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सबसे अधिक महत्वपूर्ण बताते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव एवं एफडीए आयुक्त डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि सभी जिलों में औषधि निरीक्षकों से इस माह के भीतर चरणबद्ध तरीके से अस्पतालों और दुकानों से कफ सिरपों के नमूने एकत्र करने और उनकी गुणवत्ता की प्रयोगशाला जांच कराने के आदेश दिए हैं ताकि किसी भी दोषपूर्ण या हानिकारक दवा को बाजार से तत्काल हटाया जा सके। प्रदेश के मुख्य चिकित्साधिकारियों को केंद्र से मिले परामर्श को प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू कराने के आदेश दिए गए हैं। कुमार ने प्रदेश के सभी चिकित्सकों से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार के परामर्श का संज्ञान लेते हुए वे बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप न लिखें। डॉ. कुमार ने कहा, ''यदि चिकित्सक इन सिरप को लिखेंगे तो मेडिकल स्टोर भी उन्हें बेचेंगे।

## एसआईटी जांच से करूर भगदड़ का सच सामने आएगा : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री

**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शनिवार को कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) करूर भगदड़ की जांच शुरू करेगा, जिससे पूरी सच्चाई सामने आएगी तथा हर स्तर पर जवाबदेही तय होगी। करूर घटना को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के खिलाफ अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगदड़ रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार करूर त्रासदी पर उच्च न्यायालय के सभी दिशानिर्देशों पर ध्यान देते हुए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''करूर में हुई त्रासदी से हम सभी स्तब्ध हैं।''

## जुबिन की पत्नी ने गायक की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट लौटाई, कहा-इसे सार्वजनिक किए जाने पर फैसला पुलिस ले

**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने शनिवार को अपने पति की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पुलिस को लौटाते हुए कहा कि यह उनका निजी दस्तावेज नहीं है और जांचकर्ता ही बेहतर तय कर पाएंगे कि इसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए या नहीं। सीआईडी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोरमी दास शनिवार को गरिमा को जुबिन की दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सौंपने के लिए गुवाहाटी के काहिलीपाड़ा इलाके स्थित उनके आवास पहुंचीं। दास के जाने के बाद गरिमा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि जांच में सिंगापुर में जुबिन की मौत के पीछे की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से सोच-विचार किया और दूसरे लोगों के भी सुझाव लिए। चूंकि, जांच जारी है, इसलिए मैं (पोस्टमार्टम) रिपोर्ट को अपना निजी दस्तावेज नहीं मानती। मैंने जांच अधिकारी को रिपोर्ट लौटा दी है।

## भारत, भूटान ने द्विपक्षीय संबंधों पर वार्ता की

**थिम्पू :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ व्यापक वार्ता की और इस दौरान उन्होंने व्यापार और संपर्क समेत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। यहां भारतीय दूतावास के अनुसार, मिसरी शुक्रवार को भूटान गए थे। उनकी यह यात्रा भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क की स्थापना के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में एक अंतर-सरकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद हुई है। अपनी यात्रा के दौरान, मिसरी ने भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की तथा प्रधानमंत्री तोबगे और विदेश मंत्री डी



एन धुंग्याल से भी भेंट की। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उच्च स्तर के नियमित आदान-प्रदान की परंपरा को ध्यान में रखते हुए, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने विशेष और बहुआयामी द्विपक्षीय साझेदारी के संपूर्ण परिदृश्य पर चर्चा के लिए तीन अक्टूबर, 2025 को भूटान का दौरा किया।'' सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री तोबगे ने कहा कि उन्हें मिसरी से मिलकर ''खुशी'' हुई और दोनों ने ''भारत और भूटान के बीच संपर्क, जल विद्युत, लोगों के बीच संबंध और व्यापार एवं वाणिज्य समेत विभिन्न पारस्परिक हितों पर चर्चा की।'' मिसरी की यह यात्रा भूटान की विदेश सचिव ओम पेमा चोडेन की इसी सप्ताह की शुरुआत में भारत यात्रा के बाद हुई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों विदेश सचिवों ने सोमवार को विचार-विमर्श किया और इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण परिदृश्य की समीक्षा की।

## फ्लैट खरीदारों के साथ 'धोखाधड़ी': ईडी ने कर्नाटक में 423 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लैट खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में शनिवार को धन शोधन निरोधक कानून के तहत कर्नाटक स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के प्रवर्तकों के 423 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अनबिके फ्लैट और जमीन कुर्क कर ली। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई बेंगलुरु स्थित ओजोन अर्बाना इंफ्रा डेवलपर्स और उसके मुख्य प्रवर्तक एस वदुदेवन के खिलाफ की गई है। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कंपनी की एवेन्यू (92 फ्लैट) और एक्का-2 परियोजनाओं (13 फ्लैट) में बिना बिके फ्लैट के अलावा 4.5 एकड़ वाणिज्यिक भूमि और वासुदेवन की निजी संपत्तियों को कुर्क करने के लिए अनंतिम आदेश जारी किया गया था। बयान के मुताबिक, कुर्क की गई संपत्ति में वासुदेवन की पत्नी के नाम पंजीकृत मुदिगेरे (चिक्कमगलुरु जिला) के कन्नेहल्ली गांव स्थित 179 एकड़ जमीन भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 423.38 करोड़ रुपये आंका गया है। बयान के अनुसार, धन शोधन का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी से उपजा है, जो उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर दर्ज की गई थी। ईडी ने इस मामले में अगस्त में छापेमारी की थी। ईडी का आरोप है कि ओजोन अर्बाना इंफ्रा डेवलपर्स और वासु-देवन ने फ्लैट खरीदारों के साथ 927.22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की और उक्त धनराशि के बदले अपार्टमेंट/फ्लैट का कब्जा नहीं दिया, जिससे धनराशि को बेईमानी से अपने पास रखा गया और अन्यत्र इस्तेमाल किया गया। एजेंसी ने दावा किया कि आरोपियों ने धन को समूह की अन्य कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों, जिनमें खुद वासुदेवन और उनके परिवार के सदस्य शामिल थे, को अंतरित कर दिया।

## रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद पासपोर्ट वापस मिला

**नयी दिल्ली :** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें पांच साल बाद आखिरकार पासपोर्ट वापस मिल गया है। मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा चक्रवर्ती के दिवंगत साथी और अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मामले में उनके (चक्रवर्ती के) पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद उन्हें पासपोर्ट वापस मिला है। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती (33) ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हवाईअड्डे पर पासपोर्ट हाथ में लिए नजर आ रही है। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, ''पिछले पांच वर्षों से धैर्य ही मेरा एकमात्र पासपोर्ट था। अनगिनत लड़ाइयां, अंतहीन आशाएं। आज मैं फिर अपना पासपोर्ट थामे हुए हूं। अपने अध्याय2 के लिए तैयार! सत्यमेव जयते।''

## जम्मू-कश्मीर: पुलिस महानिरीक्षक ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के साथ तालमेल पर जोर दिया

**जम्मू :** पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) भीम सेन टूटी ने शनिवार को जम्मू क्षेत्र में बहु-क्षेत्रीय पुलिस व्यवस्था की विभिन्न सिफारिशों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ सभी पहलों को सरेखित करने पर जोर दिया। आईजीपी की अध्यक्षता में यह समीक्षा बैठक अगले महीने छत्तीसगढ़ में होने वाले डीजीपी और आईजीपी के 60वें राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित की गई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''आईजीपी ने पिछले डीजीपी और आईजीपी सम्मेलन की सिफारिशों पर प्रगति की समीक्षा के लिए जम्मू में क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय में एक बैठक की अध्यक्षता की।'' उच्च स्तरीय बैठक में क्षेत्र के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। छत्तीसगढ़ अगले महीने पहली बार अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जहां आंतरिक सुरक्षा, नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियानों और साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। छत्तीसगढ़ में 28 नवंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन के 60वें संस्करण का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने की संभावना है।

## संप्रग सरकार ने 26/11 के बाद 'विदेशी दबाव' के चलते पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई नहीं की : पात्रा

**भुवनेश्वर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा ने शनिवार को दावा किया कि केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार ने 26/11 हमले के बाद ''विदेशी दबाव'' के चलते पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। भुवनेश्वर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारतीय सशस्त्र बलों में वीरता थी, लेकिन देश के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव था। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस के दबाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से कहा होगा कि वे पाकिस्तान के खिलाफ कोई त्वरित कार्रवाई न करें, जबकि मुंबई हमले में लगभग 160




लोग मारे गए थे। अपने दावे के समर्थन में पात्रा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के हालिया साक्षात्कार का हवाला दिया। उन्होंने चिदंबरम के उस साक्षात्कार को उद्धृत किया, जिसमें उन्होंने कहा था, पूरी दुनिया दिल्ली पर टूट पड़ी ताकि पाकिस्तान के खिलाफ भौतिक प्रतिशोध की कार्रवाई को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि चिदंबरम के बयान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि वह उस समय देश के गृह मंत्री थे। मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के चार दिन बाद 30 नवंबर को चिदंबरम ने गृहमंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली थी। पात्रा ने कहा, 2014 से पहले भारतीय सशस्त्र बलों में वीरता थी, लेकिन देश के नेतृत्व में राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव था। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह स्थिति बदल गई, क्योंकि देश को एक मजबूत सशस्त्र बल और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिली।

## लोग क्या कहेंगे, इसकी कभी परवाह मत करो : नवजोत सिंह सिद्धू

**मुंबई, समाज्ञा :** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन एक बार फिर लेकर आ रहा है अपना बहुप्रतीक्षित रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट, जिसका प्रीमियर 4 अक्टूबर से होगा। यह शो हर शनिवार और रविवार की रात 9:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। इस सीजन में दर्शक नवजोत सिंह सिद्धू को जज की भूमिका में देखेंगे, जिनकी बेबाक राय और प्रेरणादायक विचार हमेशा चर्चा में रहते हैं। अपनी वापसी को लेकर सिद्धू ने कहा कि मैं खुद को जज नहीं, बल्कि सुविधाकर्ता मानता हूं। भारत में प्रतिभा को अक्सर वह सम्मान नहीं मिलता जिसकी वह हकदार होती है, लेकिन इंडियाज़ गॉट टैलेंट असली, सच्ची और योग्य प्रतिभाओं को सम्मान देता है। यहां कोई सिफ़ारिश नहीं चलती। अपने फैन्स और प्रतिभागियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि अपने सपनों को



कभी मत छोड़ो। ज़िंदगी को पूरी तरह जियो, उसका जश्न मनाओ और मौलिकता के साथ आगे बढ़ो। कभी कार्बन कॉपी मत बनो, अपनी अलग पहचान बनाओ। असफलता सबके हिस्से आती है, लेकिन अगली सबसे अच्छी चीज़ है-फिर से कोशिश करना। हमेशा बड़ा सोचो। ज़्यादातर असफलताएं छोटे लक्ष्य रखने से आती हैं। इस सीजन में नवजोत सिंह सिद्धू की मौजूदगी से शो में नई ऊर्जा और प्रेरणा देखने को मिलेगी।

# भारत ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रन से हराया



**अहमदाबाद :** उपकप्तान रविंद्र जडेजा के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट में तीन दिन के भीतर ही एक पारी और 140 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढत बना ली। भारत ने पहली पारी कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित करके 286 रन की बढत बना ली थी। वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 45-1 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में नाबाद शतक जमाने वाले जडेजा ने दूसरी पारी में 54 रन देकर चार विकेट लिये। दूसरा टेस्ट दस अक्टूबर से दिल्ली में खेला जायेगा। कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद कहा ,''यह हमारे लिये परफेक्ट मैच था। तीन शतक और इतनी शानदार फील्डिंग।'' तीसरे दिन पिच से मिल रही मदद का मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने पूरा फायदा उठाया। सिराज ने 40 रन देकर चार और बुमराह ने 42 रन देकर तीन विकेट लिये। भारतीय पारी में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) ने नौ साल बाद देश में टेस्ट शतक लगाया। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और जडेजा 104 रन बनाकर नाबाद रहे। तीसरे दिन सुबह के सत्र में पिच से मदद की संभावना में भारत ने पारी कल के स्कोर पर ही घोषित कर दी। जडेजा की अगुवाई में स्पिनरों ने वेस्टइंडीज को दबाव में रखा। सलामी बल्लेबाज तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) और जॉन कैंपबेल ने सकारात्मक शुरूआत की लेकिन आठवें ओवर में नितीश रेड्डी ने स्क्वेयर लेग पर शानदार कैच लपककर भारत को पहली कामयाबी दिलाई। सिराज की शॉर्ट गेंद पर चंद्रपॉल ने शॉट खेला और रेड्डी ने अपनी बायीं ओर डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। इसके बाद जडेजा ने कैंपबेल (14) को रवाना किया। चौथे नंबर पर उतरे ब्रेंडन किंग (पांच) ने पहली स्लिप में केएल राहुल को कैच थमाया। वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेस (एक) को स्पिनर कुलदीप यादव ने आउट किया। छठे नंबर पर आये शाइ होप ने जडेजा की गेंद पर कट शॉट खेला और यशस्वी जायसवाल ने शॉर्ट थर्डमैन पर अपने दाहिने ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। जडेजा एक मैच में शतक और पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा एक बार फिर अपने नाम करने से चूक गए। वह पहले दो बार यह कमाल कर चुके हैं। लंच के बाद सिराज ने जस्टिन ग्रीव्स (25) और जोमेल वारिकन (0) को पवेलियन भेजा। वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने एलिक अथानाजे (38) का रिटर्न कैच लपका। कुलदीप ने जेडेन सील्स (22) का अपनी ही गेंद पर कैच पकड़ा।

### हमें अश्विन की कमी खलती है लेकिन एक दिन जडेजा को भी जाना होगा: जडेजा

वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में अपने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच चुने गये हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने लंबे समय तक टीम में रहे अपने साथी दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की बात करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी को एक दिन इस खेल को अलविदा कहना होता है। भारतीय टीम लगातार 12 वर्षों तक जडेजा और अश्विन मौजूदगी में घरेलू सरजमीं पर 18 टेस्ट श्रृंखला में अजेय रही। यह सिलसिला पिछले साल न्यूजीलैंड से 0-3 की करारी शिकस्त के साथ खत्म हुआ। जडेजा से पूछा गया कि क्या आपको अश्विन की कमी खलती है तो उन्होंने कहा, ''बिलकुल, हमें उनकी कमी महसूस होती है। अश्विन ने भारतीय क्रिकेट के लिए इतने सालों तक बहुत योगदान दिया है। वो एक मैच विजेता रहे हैं।''

### टीम ने इस टेस्ट में हर विभाग में अच्छा किया: गिल

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पारी और 140 रन से जीत दर्ज करने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस में अपनी लगातार खराब किस्मत को नजरअंदाज करते हुए कहा कि उन्हें अपनी टीम से हर विभाग में इस तरह की शानदार प्रदर्शन से ज्यादा कुछ नहीं चाहिए। दो मैचों की इस श्रृंखला के लिए टीम में उपकप्तान की भूमिका निभा रहे रविंद्र जडेजा ने नाबाद शतक जड़ने के बाद चार विकेट झटके जिससे भारत ने तीन दिन के अंदर ही मैच अपने नाम कर लिया। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, '' मैं लगातार छह बार टॉस हारा हूं लेकिन जब तक हम मैच जीत रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ईमानदारी से कहूं तो यह हमारे लिए एक 'परफेक्ट' मैच था। तीन शतक लगे, हम क्षेत्ररक्षण में शानदार थे तो मुझे इससे कोई शिकायत नहीं है।'' गिल ने पिच को बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन बताया और शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सराहना की। उन्होंने कहा, ''जब भी आप अच्छी शुरुआत करते हैं, तो इस पिच पर रन बनाना आसान था। मैं अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सका लेकिन मैं शतक लगाने वालों के लिए बहुत खुश हूं।''

## महिला विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की गहराई आजमाने उतरेगा भारत



**कोलंबो :** भारत और पाकिस्तान की पुरूष टीमों के बीच पिछले तीन रविवार नाटकीयता भरे मुकाबलों के बाद अब इस रविवार को दोनों देशों की महिला टीमें यहां वनडे विश्व कप में आमने सामने होंगी तो क्रिकेट कौशल से ज्यादा जज्बात की जंग रहेगी और भारत का पलड़ा एक बार फिर भारी रहने वाला है। भारत और पाकिस्तान ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तमाम प्रारूपों में 27 मुकाबले खेले हैं जिनमें से भारत ने 24 और पाकिस्तान ने तीन जीते हैं। पाकिस्तान को तीनों जीत टी20 प्रारूप में मिली है। वनडे क्रिकेट में भारत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड है जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच खेले गए सभी 11 मैच जीते हैं। भारत ने विश्व कप में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया जबकि पाकिस्तान को बांग्लादेश ने सात विकेट से मात दी। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों का सामना नहीं कर सके। सभी टीमें एक एक मैच खेल चुकी हैं और भारत चौथे स्थान पर है। भारतीय टीम की नजरें अब नेट रनरेट बेहतर करने पर लगी होंगी जो टूर्नामेंट के आखिरी चरण में काफी अहम हो जाता है। हरमनप्रीत कौर की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगी। पहले मैच में एक समय छह विकेट 124 रन पर गिरने के बाद निचले मध्यक्रम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 ओवर में 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया।

## मंजू, अंकुशिता, अरुंधति, प्रिया और परवीन बीएफआई कप के सेमीफाइनल में पहुंचे

**चेन्नई :** विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मुक्केबाज मंजू रानी (रेलवे) ने शनिवार को यहां बीएफआई कप के शुरुआती सत्र में 5-0 की प्रभावशाली जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (असम), पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी (सेना), अंडर-22 रजत पदक विजेता प्रिया (हरियाणा) और विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (साइ) भी अंतिम चार में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में विश्व कप कांस्य पदक विजेता मनीष राठौर (एआईपी), अंडर-22 एशियाई कांस्य पदक विजेता रॉकी (एआईपी) और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (सेना) ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सुरक्षा बलों से जुड़ी टीमों का दबदबा कायम रखा।

## चोट से परेशान पैरालंपिक स्वर्ण विजेता प्रवीण को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा

**नयी दिल्ली :** प्रवीण कुमार के चेहरे पर ऊंची कूद में कांस्य पदक जीतने के बावजूद उदासी साफ झलक रही थी जबकि एकता भयाना शनिवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्लब थ्रो स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहने के बाद रजत पदक जीत कर खुश दिखी। भारत ने शनिवार को एक रजत और दो कांस्य पदक जीते जिससे उसके पदकों की संख्या 18 (6-7-5) हो गई। यह विश्व चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है जबकि एक दिन का खेल अभी बाकी है। भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2024 कोबे (जापान) में था जहां टीम ने 17 पदक (6-5-6) जीते थे। ब्राज़ील 37 पदकों (12-18-7) के साथ तालिका में शीर्ष पर बना रहा। भारत को आज तीसरा पदक पुरुषों की शॉटपुट एफ57 श्रेणी में मिला जब सेना के 42 वर्षीय सोमन राणा ने 14.69 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता। हांगझोऊ एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता का सर्वश्रेष्ठ थ्रो चौथे प्रयास में आया। राणा का कांस्य पदक हालांकि रविवार को रजत पदक में तब्दील हो सकता है क्योंकि इस स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहने वाले ब्राजील के थियागो पॉलिनो डॉस सैंटोस के खिलाफ अपील दायर की गई है।

# रोहित को हटाकर गिल को आस्ट्रेलिया दौरे के लिये वनडे टीम का कप्तान बनाया



**अहमदाबाद :** भारतीय क्रिकेट में बड़ा बदलाव करते हुए चयनकर्ताओं ने रोहित शर्मा को वनडे टीम की कप्तानी से हटाकर युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम की कमान सौंपी है। विश्व कप 2027 को ध्यान में रखते हुए यह फैसला भविष्य की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत ने टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, जबकि वनडे विश्व कप 2023 में उपविजेता रहा था। उनके नेतृत्व में टीम ने 56 में से 42 वनडे जीते। श्रेयस अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। चयन समिति प्रमुख अजीत अगरकर ने बताया कि रोहित को निर्णय की जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि अब तीनों प्रारूपों में अलग-अलग कप्तान रखना व्यावहारिक नहीं है। अगरकर ने स्पष्ट किया कि यह फैसला टीम के भविष्य को देखते हुए लिया गया है ताकि गिल को अगले विश्व कप से पहले नेतृत्व में अनुभव मिल सके। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे 19 से 25 अक्टूबर के बीच सिडनी, एडिलेड और मेलबर्न में खेले जाएंगे। इसके बाद पांच टी20 मैचों की श्रृंखला होगी। आस्ट्रेलिया दौरे के लिये **भारतीय वनडे टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल , यशस्वी जायसवाल ।

**भारतीय टी20 टीम :**सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरूण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा ,संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर ।

### रोहित 2027 विश्व कप योजना से बाहर, गिल होंगे सभी प्रारूपों के कप्तान

भारतीय क्रिकेट में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने रोहित शर्मा को एकदिवसीय टीम की कप्तानी से हटा दिया है। माना जा रहा है कि यह फैसला भारतीय क्रिकेट के शीर्ष स्तर पर बनी सहमति से लिया गया है। सूत्रों के अनुसार चयन समिति ने तीन अहम बिंदुओं पर यह निर्णय लिया। पहला, रोहित शर्मा और विराट कोहली 2027 विश्व कप की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। दूसरा, किसी खिलाड़ी के लिए केवल एक प्रारूप खेलकर फॉर्म और फिटनेस बनाए रखना मुश्किल है। तीसरा, भारतीय क्रिकेट को अगले दशक के लिए एक ऐसे युवा कप्तान की जरूरत है, जो सभी प्रारूपों में खेल सके।

### जडेजा की वनडे प्रारूप में भी अहम भूमिका : अजित अगरकर

चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने शनिवार को कहा कि स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला रविंद्र जडेजा भले ही आस्ट्रेलिया दौरे के लिये टीम में नहीं हैं लेकिन वनडे प्रारूप में भारत की रणनीति का हिस्सा हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत के लिये विजयी रन बनाने वाले जडेजा को आस्ट्रेलिया के हालात को ध्यान में रखते हुए तीन मैचों की वनडे श्रृंखला की टीम में जगह नहीं मिली है। अगरकर ने भारतीय टीम की घोषणा के बाद मीडिया से कहा ,'' आस्ट्रेलिया में दो स्पिनर ले जाना संभव नहीं है लेकिन वह रणनीति का हिस्सा है। टीम में जगह के लिये स्पर्धा तो होगी ही।''



## आगामी इंडिया मोबाइल कांग्रेस 6जी प्रौद्योगिकी के विकास पर केंद्रित होगा: आईएमसी सीईओ

**नयी दिल्ली :** आगामी इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 कार्यक्रम 6जी प्रौद्योगिकी के विकास से जुड़े सभी अहम मुद्दों को जोड़ने और नई साझेदारियां बनाने पर केंद्रित होगा। डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पी रामकृष्ण ने कहा कि एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में वैश्विक स्तर पर देश की मान्यता 6जी प्रौद्योगिकी के विकास को आगे बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण है। रामकृष्ण ने कहा, ''इंडिया मोबाइल कांग्रेस 6जी प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण पहलुओं को जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच बनकर उभर रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत अपनी विश्वसनीयता दिखा रहा है क्योंकि इंडिया मोबाइल कांग्रेस में ब्रिटेन, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, यूरोप और भारत जैसे देशों के उद्योग जगत के दिग्गज और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# बैंकों, नियामकों के पास बिना दावे वाली 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां: सीतारमण



**अहमदाबाद :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों और नियामकों के पास 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये संपत्तियां उनके असली मालिकों तक पहुंचें। सीतारमण ने गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, बैंकों और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गांधीनगर से तीन महीने के ''आपकी पूंजी, आपका अधिकार'' अभियान का शुभारंभ किया। केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री ने कहा कि बैंकों और नियामकों के पास बैंक जमा, बीमा, भविष्य निधि या शेयरों के रूप में 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने अधिकारियों से तीन महीने के अभियान के दौरान इन बिना दावे वाली संपत्तियों को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने के लिए तीन पहलुओं- जागरूकता, पहुंच और कार्रवाई - पर काम करने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा, ''दावे के बिना धनराशि बैंकों, आरबीआई या आईईपीएफ (निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष) के पास पड़ी है। हमें इन निधियों के असली मालिकों और दावेदारों का पता लगाना होगा और उन्हें धन सौंपना होगा।'' उन्होंने भरोसा दिया, ''वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के अनुसार, 1,84,000 करोड़ रुपये वहां पड़े हैं। यह राशि सुरक्षित है। मैं आपको आश्वस्त कर सकती हूं कि यह पूरी तरह सुरक्षित है। आप जब चाहें उचित कागजात के साथ आएं। आपको धन दिया जाएगा। सरकार इसकी संरक्षक है।'' मंत्री ने कहा कि अगर किसी वजह से संपत्ति पर लंबे समय तक दावा नहीं किया जाता है, तो उसे एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जमा राशि के मामले में यह बैंकों से आरबीआई के पास जाता है, और शेयर या इसी तरह की संपत्तियों के मामले में यह सेबी से ''किसी अन्य केंद्र या आईईपीएफ'' में जाता है। सीतारमण ने कहा, ''आरबीआई ने यूडीजीएएम (अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स गेटवे टू एक्सेस इन्फॉर्मेशन) पोर्टल बनाया है। इसलिए, यह एक बिना दावे वाले क्षेत्र से दूसरे बिना दावे वाले क्षेत्र में जा रहा है। जैसे ही आप दावा करेंगे, आपको यह मिल जाएगा। इसलिए, मुझे सच में लगता है कि अब समय आ गया है कि हम सभी इस बारे में सभी को बताएं।'' मंत्री ने सरकारी और बैंक अधिकारियों से लोगों में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया ताकि वे आगे आएं और अपनी सही संपत्तियों, जैसे कि परिपक्वता के बावजूद बिना दावे के पड़ी बीमा पॉलिसियों, का दावा करें।

## प्रधानमंत्री मोदी आठ अक्टूबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ अक्टूबर को 19,647 करोड़ रुपये की लागत से बने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। महाराष्ट्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हवाई अड्डा से वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन दिसंबर में शुरू होगा। हवाई अड्डे को 30 सितंबर को विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए से हवाई अड्डा लाइसेंस मिला। मुंबई महानगर क्षेत्र में मौजूदा छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद यह दूसरा हवाई अड्डा है, जिसने 30 सितंबर को विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए से अपना हवाई अड्डा लाइसेंस हासिल किया। यह परियोजना नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे द्वारा कई चरणों में विकसित की जा रही है। इसमें अदाणी समूह की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बाकी 26 प्रतिशत हिस्सा महाराष्ट्र सरकार के भूमि विकास प्राधिकरण सिडको के पास है। सिडको के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक विजय सिंघल ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री आठ अक्टूबर को हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और यह दिसंबर से चालू हो जाएगा। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया प्रधानमंत्री दोपहर करीब 2.40 बजे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेंगे और लगभग दो घंटे तक वहां रहेंगे। सिंघल ने आगे कहा, ''प्रधानमंत्री पहले टर्मिनल भवन का दौरा करेंगे और फिर दर्शकों को संबोधित करेंगे।'' करीब 1,160 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के सभी चरणों के पूरा होने पर इसमें चार टर्मिनल होंगे, यह हवाई अड्डा नौ करोड़ यात्रियों को सेवाएं देगा और हर साल 32 लाख टन कार्गो का प्रबंधन करेगा। वैश्विक निकाय आईएटीए ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को 'एनएमआई' कोड दिया है। घरेलू विमानन कंपनियां एयर इंडिया समूह, इंडिगो और अकासा पहले ही अपने उड़ान संचालन का एक हिस्सा इस नए हवाई अड्डे में स्थानांतरित करने की घोषणा कर चुकी हैं।

## दूसरी तिमाही में एचडीएफसी बैंक ने नौ प्रतिशत, कोटक बैंक ने 16 प्रतिशत ऋण वृद्धि दर्ज की

**नयी दिल्ली :** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को कहा कि 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में उसके ऋण नौ प्रतिशत बढ़कर 27.9 लाख करोड़ रुपये हो गए। देश के सबसे बड़े निजी बैंक की ऋण बही पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 25.6 लाख करोड़ रुपये थी। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि इस साल 30 सितंबर तक बैंक का प्रबंधनाधीन अग्रिम लगभग 28.6 लाख करोड़ रुपये था, जो 30 सितंबर, 2024 तक 26.3 लाख करोड़ रुपये से लगभग 8.9 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि 30 सितंबर, 2025 तक उसकी कुल जमा राशि लगभग 27.1 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल सितंबर में दर्ज 23.5 लाख करोड़ रुपये से 15.1 प्रतिशत अधिक है। एक अन्य निजी क्षेत्र के ऋणदाता कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा दिया गया ऋण वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 15.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 3.99 लाख करोड़ रुपये था। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि उसने कुल जमा राशि में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। आईडीबीआई बैंक ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.3 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया है।

## आरबीआई ने भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बरकरार रखी

**कोलकाता :** क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बरकरार रखी है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुद्रास्फीति के अपने पूर्वानुमान में भारी कटौती की है। केंद्रीय बैंक ने एक अक्टूबर को शुल्क अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए अपनी नीतिगत ब्याज दर को लगातार दूसरी बार 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा था। रिपोर्ट में कहा गया कि एमपीसी ने स्वीकार किया है कि अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के कारण चालू वित्त वर्ष (2025-26) की दूसरी छमाही में जीडीपी वृद्धि में गिरावट का जोखिम रहेगा। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने कहा कि जीएसटी दरों में हालिया कमी से वृद्धि पर शुल्क का समग्र प्रभाव आंशिक रूप से कम हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया, ''कुछ श्रम-प्रधान क्षेत्र अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से सबसे अधिक संवेदनशील हैं और उन्हें नीतिगत समर्थन की आवश्यकता है। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति कम चिंता का विषय होने के साथ, अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो आरबीआई के लिए भी ऐसा करने की गुंजाइश बनेगी।''

### अदालत ने 11 ऑनलाइन विक्रेताओं को ट्रेडमार्क उल्लंघन नहीं करने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'चिकनन्यूट्रिक्स' ट्रेडमार्क या उससे भ्रामक रूप से मिलते-जुलते चिन्ह का इस्तेमाल करके उत्पादों को बेचने से 11 ऑनलाइन कंपनियों और विक्रेताओं को प्रतिबंधित कर दिया है। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने पंजीकृत ट्रेडमार्क 'चिकनन्यूट्रिक्स' के मालिक फुललाइफ हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। इस याचिका में ट्रेडमार्क के उल्लंघन पर स्थायी रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। फुललाइफ के अधिवक्ता सुमित नागपाल ने कहा कि ई-कॉमर्स मंच मीशो ने 11 विक्रेताओं को उल्लंघनकारी उत्पादों की निरंतर लिस्टिंग की अनुमति दी थी। शनिवार को उपलब्ध कराए गए 25 सितंबर के आदेश में उच्च न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश में 11 विक्रेताओं या उनके प्रतिनिधियों को वादी (फुललाइफ) के पंजीकृत ट्रेडमार्क 'चिकनन्यूट्रिक्स' या भ्रामक रूप से मिलते-जुलते चिह्न का उपयोग करके उत्पादों के निर्माण, बिक्री, विज्ञापन या प्रचार से रोक दिया।

## सरकार ने हथकरघा, हस्तशिल्प उत्पादों की घरेलू मांग को बढ़ावा देने के लिए 'स्वदेशी अभियान' शुरू किया

**नयी दिल्ली :** सरकार देश में घरेलू हथकरघा, हस्तशिल्प और वस्त्र उत्पादों की मांग बढ़ाने के लिए 'स्वदेशी अभियान' शुरू कर रही है। वस्त्र मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अभियान अगले छह से नौ महीनों तक पूरे देश में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को घरेलू उत्पादों की समृद्ध विरासत के बारे में जागरूक और शिक्षित करना है। अभियान का उद्देश्य भारतीय वस्त्रों को विशेष रूप से युवाओं और शहरी उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। एक बयान में वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से शहरी युवाओं और 'जेन जेड' के बीच घरेलू कपड़ा खपत को बढ़ाना है। अभियान के तहत विभिन्न आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया मंच के माध्यम से जागरूकता पैदा की जाएगी।

## गडकरी ने हवाई यातायात नियंत्रण, विमानन क्षेत्र में आधुनिकीकरण पर जोर दिया



**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को हवाई यातायात नियंत्रण सहित विमानन क्षेत्र में वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रौद्योगिकी और नियमों को उन्नत करने का आह्वान किया। गडकरी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स गिल्ड ऑफ इंडिया द्वारा नागर विमानन पर आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। गडकरी ने कहा कि विमानन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि देश में हवाई अड्डों की संख्या 75 से बढ़कर 150 हो गई है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गडकरी ने कहा कि नागपुर देश के केंद्र में स्थित है और संभवतः यह भारत में सम्पूर्ण हवाई यातायात नियंत्रण का केन्द्र बन सकता है। मंत्री ने कहा कि पुराने और अप्रचलित नियमों को समाप्त करने और सुरक्षा से समझौता किए बिना वैश्विक मानकों के अनुसार नए नियम लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नए नियमों से इस क्षेत्र में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने के लिए हवाई यातायात नियंत्रकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3374 अंक 184, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in